CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## शाह बोले- अब्दुल्ला और नेहरू 40 हजार हत्याओं के जिम्मेदार

श्रीनगर। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और नेशनल कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में फिर आतंकवाद लाना चाहते हैं। लेकिन भाजपा आतंकवाद को पाताल तक दफन करके ही हम दम लेगी। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और एनसी जम्मू-कश्मीर में फिर आतंकवाद लाना चाहते हैं। लेकिन भाजपा आतंकवाद को पाताल तक दफन करके ही हम दम लेगी। गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर में चुनावी रैली कर रहे हैं। उन्होंने चेनानी और उधमपुर में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह अब्दुल्ला और नेहरू ही हैं जो जम्मू और कश्मीर में 40,000 लोगों की हत्या के जिम्मेदार हैं।

उस समय फारूक अब्दुल्ला कहां थे? वह गर्मियों में लंदन में छुट्टियां मना रहे थे और महंगी मोटरसाइकिल चला रहे थे। कोई पार्टी नहीं, सिर्फ भाजपा ने जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद को खत्म किया है। शाह ने कहा कि हमारी देश की संसद पर जिस अफजल गुरु ने हमला करवाया उसकी फांसी की सजा का ये लोग विरोध कर रहे हैं। उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए। उमर अब्दुल्ला साहब, आप आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते रहिए, लेकिन जो आतंक फैलाएगा, उसका जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा।



**जब कश्मीर में आतंकवाद हावी था, फारूक लंदन में महंगी मोटर साइकिल चला रहे थे**

### शाह के भाषण की प्रमुख बातें

आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर में एक ऐसा चुनाव होने जा रहा है, जब यहां न धारा-370 है और न ही अलग झंडा है। जम्मू-कश्मीर 40 साल तक आतंकवाद की दहशत में रहा, 40,000 लोग मारे गए, 3,000 दिन कर्फ्यू रहा। हर दिन पाक प्रेरित आतंकवादी बम और गोलियां चलाते थे। हमारी सरकार ने धारा-370 को खत्म कर दिया। अब न पत्थरबाजी होती है, न ही गोलियां चलती हैं। कांग्रेस, एनसी जम्मू-कश्मीर में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। 2019 में आर्टिकल-370 हटाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। जम्मू-कश्मीर में 90 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 7 अनुसूचित जातियों के लिए और 9 अनुसूचित जनजातियों के लिए रिजर्व हैं। 18 सितंबर को पहले फेज की वोटिंग हो चुकी है। 25 सितंबर को दूसरे फेज और 1 अक्टूबर को तीसरे फेज की वोटिंग होगी। 8 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक यहां 88.06 लाख वोटर हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने 28 सीटें, जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं।

## 2 लाख मिसाइलें और रॉकेट, पूरा इजरायल जद में... इजरायली हवाई हमलों से भी नहीं कमजोर हुआ है हिजबुल्लाह



तेल अवीव। पिछले साल अक्टूबर में गाजा में सैन्य अभियान शुरू करने के बाद से ही इजरायली सेना उत्तरी सीमा पर लगातार हिजबुल्लाह के साथ भी गोलीबारी कर रही है। हिजबुल्लाह ने स्वीकार किया है कि लगभग एक साल से जारी संघर्ष में उसके 500 से ज्यादा लड़ाके मारे गए हैं। इस दौरान इजरायल ने शिया चरमपंथी गुट के शीर्ष कमांडरों को निशाना बनाया है, जिसमें वरिष्ठ कमांडर फौद शुकर भी शामिल है।

पिछले एक सप्ताह में इजरायल ने ईरान समर्थित चरमपंथी गुट के खिलाफ अपना हमला और तेज कर दिया है। इजरायल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के गढ़ कहे जाने वाले इलाकों पर हवाई हमले शुरू किए हैं। इन ताजा हमलों में 600 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

### हिजबुल्लाह पर इजरायल के हमले

इन हमलों के ठीक पहले लेबनान में हिजबुल्लाह के पेजर और वॉकी-टाकी में धमाके हुए थे, जिसमें हजारों लोग घायल हुए थे। इस हमले ने हिजबुल्लाह के 1500 से ज्यादा लड़ाकों को बेकार कर दिया। हिजबुल्लाह ने इन हमलों के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है और बदला लेने की कसम खाई है। पिछले शुक्रवार को इजरायल ने बेरूत पर हवाई हमले में हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडरों को निशाना बनाया। इजरायली वायु सेना लगातार हिजबुल्लाह के हथियारों को निशाना बना रही है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इजरायल ने हिजबुल्लाह की आधी क्षमता नष्ट कर दी है। हालांकि, इस बारे में कोई स्पष्ट साक्ष्य मौजूद नहीं हैं।

### हिजबुल्लाह को कम आंकना खतरनाक

हिजबुल्लाह ने इजरायल के हमलों के जवाब में मिसाइल और रॉकेट की बौछार की है। हर दिन हिजबुल्लाह इजरायल पर सैकड़ों रॉकेट दाग रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्र सरकार का श्रमिकों को तोहफा, बढ़ाई न्यूनतम मजदूरी; नई दरें 1 अक्टूबर से लागू



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने परिवर्तनीय महंगाई भत्ते (वीडीए) में संशोधन करके असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि की है। इसका उद्देश्य श्रमिकों को जीवन-यापन की बढ़ती लागत से निपटने में मदद करना है। नई मजदूरी दरें एक अक्टूबर, 2024 से प्रभावी होंगी। पिछला संशोधन अप्रैल, 2024 में किया गया था।

### श्रमिकों को मिलेगा इसका लाभ

केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के अंतर्गत भवन-निर्माण, लोडिंग-अनलोडिंग, स्वीपिंग, क्लीनिंग, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को इसका लाभ मिलेगा। न्यूनतम मजदूरी दरों को अकुशल, अर्ध-कुशल, कुशल और उच्च कुशल के साथ-साथ भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर ए, बी और सी श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।

### श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी

संशोधन के बाद भौगोलिक क्षेत्र-ए में निर्माण, झाड़ू लगाने, सफाई करने, लोडिंग और अनलोडिंग में लगे अकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रति माह), अर्धकुशल श्रमिकों के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रति माह) होगी।

श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई- वहीं, कुशल श्रमिकों के लिए मजदूरी दर 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रति माह) और उच्च कुशल श्रमिकों के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रति माह) होगी। केंद्र सरकार औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई में छह महीने की औसत वृद्धि के आधार पर वर्ष में दो बार वीडीए में संशोधन करती है, जो एक अप्रैल और एक अक्टूबर से प्रभावी होता है।

## हरियाणा में कांग्रेस की टेंशन खत्म, हुड्डा और सैलजा को एक साथ मंच पर लाए राहुल गांधी



करनाल। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान में अब कुछ ही दिन बचे है। विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, पार्टियों ने चुनाव प्रचार भी तेज कर दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को असंध में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। राहुल गांधी की इस चुनावी रैली ने हरियाणा में कांग्रेस की टेंशन खत्म हो गई है। दरअसल, इस दौरान भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा भी मौजूद थी। नाराजगी के बाद कुमारी सैलजा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा पहली बार एक साथ मंच पर नजर आए है। इसके साथ ही कुमारी सैलजा ने हरियाणा चुनाव में पहली बार रैली को भी संबोधित किया।

बता दें कि सांसद कुमारी सैलजा के कांग्रेस से नाराजगी की खबर सामने आ रही थी। कुमारी सैलजा को लेकर बीजेपी लगातार कांग्रेस पर हमला कर रही थी। बीजेपी ने कांग्रेस को लेकर कहा कि कांग्रेस दलित विरोधी है और कांग्रेस ने हमेशा दलित नेताओं का विरोध किया है।

### दोनों के एक साथ मंच पर नजर आने के क्या है सियासी मायने

हरियाणा में कांग्रेस के दो दिग्गज नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा की आपस में नाराजगी किसी से छिपी हुई नहीं है। हरियाणा में कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के लिए खींचतान चल रही है। दोनों ही नेता सीएम पद के दावेदार है। कुछ दिनों से कुमारी सैलजा की कांग्रेस से नाराजगी की खबरें भी सामने आई थी। हालांकि कुमारी सैलजा ने कहा था कि उनकी रगों में कांग्रेस का खून है। दोनों नेताओं को एक साथ मंच पर लाकर राहुल गांधी हरियाणा की जनता को यह संदेश देना चाहते है कि हरियाणा कांग्रेस में अंतर्कलह नहीं है। कांग्रेस पार्टी के सभी नेता एक साथ है और सब साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

## राजनीतिक दल की तरह काम करना बंद करें, जब गडकरी ने ली इंडियन रोड कांग्रेस की चुटकी



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इंडियन रोड कांग्रेस से पूरी दुनिया के लिए सड़क और पुल निर्माण में गुणवत्ता की एक संहिता बनाने के लिए कहा है। बेंगलुरु में इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी) के अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में गडकरी ने कहा कि गुणवत्ता से समझौता करने की आदत सबसे बुरी है।

गडकरी ने इस दौरान आईआरसी की भी चुटकी लेते हुए कहा कि उसे एक राजनीतिक दल की तरह सबको खुश रखने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है। बल्कि उसे निष्पक्ष, ईमानदार और स्वतंत्र होकर अपनी राय देनी चाहिए।

### आईआरसी को दिल्ली में देंगे जगह

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने इसी सिलसिले में आईआरसी को दिल्ली में जगह व अनुदान उपलब्ध कराने का वादा भी किया। सड़क परिवहन मंत्री के मुताबिक, अगर गुणवत्तापूर्ण काम होना है तो इसे सरकारी नियंत्रण से मुक्त होना चाहिए। क्योंकि सरकारी सिस्टम में बॉस की बात माननी ही होती है। उन्होंने 15 दिनों में दूसरी बार यह कहा कि वह लापरवाही और अपने काम में ढिलाई करने वाले अफसरों, इंजीनियरों और ठेकेदारों पर कार्रवाई का विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे।

पुल इस समय बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। एक के बाद एक उनके गिरने की घटनाएं हुई हैं। ऐसे में उनके निर्माण में स्टेनलेस स्टील के इस्तेमाल की जरूरत है। गडकरी ने दोहराया कि सड़क और पुल निर्माण में खामियों के लिए डीपीआर में गड़बड़ी ही सबसे अधिक उत्तरदायी है। तमाम खामियों और खराबियों वाली डीपीआर को ही हमारे अधिकारी बाइबल मान लेते हैं और इसी कारण समस्याएं उभर आती हैं।

### वरली सी लिंक का दिया उदाहरण

गडकरी ने पुल निर्माण में प्री कॉस्ट तकनीक को अनिवार्य बनाने की भी बात कही। मुंबई के समुद्री पुल वरली सी लिंक का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इस पुल में 25 साल बाद भी एक्सपैंशन ज्वाइंट परफेक्ट हैं, लेकिन दिल्ली में बन रहे द्वारका एक्सप्रेस वे सब कुछ विश्वस्तरीय है, लेकिन ये ज्वाइंट परफेक्ट नहीं हैं।

## सुप्रीम कोर्ट से गुजरात सरकार को झटका! बिलकिस बानो केस से जुड़ी याचिका पर विचार से इनकार



नई दिल्ली। बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट से गुजरात सरकार को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें बिलकिस बानो केस से जुड़े दोषियों की रिहाई के आदेश की समीक्षा की मांग की गई थी।

### याचिका को सूचीबद्ध करने का आवेदन खारिज

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने खुली अदालत में समीक्षा याचिका को सूचीबद्ध करने के आवेदन को भी खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि समीक्षा याचिकाओं, चुनौती दिए गए आदेश और उसके साथ संलग्न दस्तावेजों को हमने ध्यान से देखा है।

### समीक्षा याचिकाओं में योग्य बात नहीं

कोर्ट ने आगे कहा कि सभी दस्तावेजों को देखने के बाद, हम संतुष्ट हैं कि रिकॉर्ड में कोई त्रुटि या समीक्षा याचिकाओं में योग्य बात नहीं है, जिसके लिए आदेश पर पुनर्विचार की आवश्यकता हो। पीठ ने कहा कि इसलिए समीक्षा याचिकाओं को खारिज किया जाता है।

### गुजरात सरकार ने याचिका में क्या कहा?

गुजरात सरकार ने अपनी याचिका में कहा था कि 8 जनवरी के फैसले में सर्वोच्च न्यायालय का यह कहना ठीक नहीं कि उसने दोषियों के साथ मिलीभगत करके काम किया है। कोर्ट की यह टिप्पणी अनुचित है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के इस तर्क पर असहमति जताई।

## राज्यसभा सांसद संजय राउत को कोर्ट ने सुनाई 15 दिन जेल की सजा, जुर्माना भी लगा



मुंबई। शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत को मुंबई की मेट्रोपोलिटन कोर्ट ने मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराया है। कोर्ट ने उन्हें 15 दिन जेल की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। संजय राउत के खिलाफ बीजेपी नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया ने मानहानि का केस दर्ज कराया था। संजय राउत को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत मानहानि का दोषी ठहराया गया है।

जानकारी के मुताबिक संजय राउत ने किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया और उनके एनजीओ युवा प्रतिष्ठान पर 100 करोड़ रुपये के शौचालय घोटाले का आरोप लगाया था। मेधा सोमैया ने इन आरोपों को निराधार और अपमानजनक बताया था और संजय राउत के खिलाफ मुंबई के कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। आपको बता दे मेधा सोमैया मुंबई के रुइया कॉलेज में ऑर्गेनिक केमिस्ट्री की प्रोफेसर हैं। उन्होंने अपने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से कोर्ट में शिकायत की थी। इस शिकायत में कहा गया कि 15 अप्रैल 2022 और उसके बाद राउत ने उनके खिलाफ मीडिया में दुर्भावनापूर्ण और गलत बयान दिए।

इन बयानों को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर आम जनता के बीच प्रकाशित और प्रसारित किया गया। शिकायत में आगे जिक्र है कि संजय राउत का यह बयान उस दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी वायरल हुआ और वहां भी बड़े पैमाने पर लोगों ने इसे पढ़ा और सुना। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे बिट्टू से पुलिस की कई घंटों से पूछताछ

**प्रोफेसर पर जानलेवा हमले से जुड़ा है मामला**

दुर्ग (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे बिट्टू उर्फ चैतन्य बघेल की मुश्किलें बढ़ सकती है। दुर्ग पुलिस पूर्व सीएम के बेटे से पिछले कुछ घंटों से लगातार पूछताछ कर रही है। चैतन्य बघेल से पुलिस ये पूछताछ भिलाई 3 स्थित खूबचंद बघेल महाविद्यालय के प्रोफेसर से मारपीट के सिलसिले में कर रही है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस की टीम पूर्व सीएम के बेटे से लगातार लंबी पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक उनसे प्रोफेसर से मारपीट को लेकर पूछताछ की जा रही है। उनसे आरोपियों से रिश्ते को लेकर भी सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। पूर्व सीएम के बेटे से पूछताछ को लेकर पुलिस थाना के बाहर गहमा-गहमी का माहौल है। पूर्व सीएम के ओएसडी रहे मनीष बंछोर सहित कई कांग्रेसी पुलिस थाना के बाहर डेरा जमाए हुए हैं।



आपको बता दें भिलाई स्थित खूबचंद बघेल कॉलेज में हिंदी के प्रोफेसर विनोद शर्मा के ऊपर 19 जुलाई को कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था। इस दौरान उन पर लाठी-डंडे और रॉड से जमकर मारपीट की। गंभीर रुप से घायल प्रोफेसर को इलाज के लिए राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत को देखते हुए उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली के मेदांता अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों का सीडीआर निकाला, इसके साथ ही कई सीसीटीवी फुटेज भी बरामद किए हैं। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम तथ्य मिले हैं। जिसके तार एक रसूखदार राजनीतिक परिवार से जुड़ते मिले। जिसके बाद पुलिस फूंक-फूंक कर अपने कदम आगे बढ़ा रही है।

बताया जा रहा है कि प्रोफेसर को मारने के लिए सुपारी दी गई थी। इसके लिए दूसरे राज्यों से भाड़े पर गुंडे बुलाए गए थे। मामले में पुलिस ने मध्य प्रदेश के रींवा जिले से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों शिवम मिश्रा, धीरज वस्त्रकार और प्रवीण शर्मा पर दुर्ग पुलिस ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के बयान के आधार पर पुलिस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे बिट्टू उर्फ चैतन्य बघेल को तलब किया है। फिलहाल चैतन्य बघेल से पूछताछ जारी है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस जल्दी ही पूर्व सीएम के बेटे पर अपना शिकंजा कस सकती है।

## महिला किसी भी धर्म की हो, सब पर लागू होता है कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू हिंसा अधिनियम पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 हर महिला पर लागू होता है। चाहे उस महिला की धार्मिक संबद्धता और सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

### कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

जस्टिस बीवी नागरत्ना और एन. कोटिस्वर की खंडपीठ ने कहा कि 2005 में बना कानून हर महिला के अधिकार की रक्षा करता है। शीर्ष अदालत ने भरण-पोषण और मुआवजा देने से संबंधित मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला द्वारा दायर अपील पर फैसला सुनाया। महिला ने अधिनियम की धारा 12 के तहत एक याचिका दायर की थी।

### पति को दिया था मुआवजा देने का आदेश

इससे पहले एक मजिस्ट्रेट ने फरवरी 2015 में महिला को 12 हजार रुपये मासिक और एक लाख रुपये मुआवजा देने के उसके पति को निर्देश दिए थे। महिला के पति ने 2015 के आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। पति ने अधिनियम की धारा 25 के तहत मजिस्ट्रेट से आदेश में परिवर्तन करने की अपील की थी, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद पति ने अपीलीय अदालत के सामने अपनी मांग रखी। इसे अपीलीय अदालत ने स्वीकार करते हुए दोनों पक्षों को अपने साक्ष्य लाकर मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने को कहा।

इसके बाद महिला ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी और मजिस्ट्रेट को पति की ओर से दायर आवेदन पर विचार करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पीड़ित व्यक्ति अधिनियम के प्रावधानों के तहत दिए गए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बारिश के दिनों में पेयजल के लिए तरस रहे लखोली क्षेत्रवासी

## पटरी पार वार्ड में भी बनी यही स्थिति, पानी के लिए मचा हाहाकार






राजनांदगांव (दावा)। शहर के लखोली क्षेत्र स्थित वार्डों में इन दिनों पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। बारिश के दिनों में पानी की किल्लत से जूझ रहे लखोली क्षेत्रवासियों की कोई सुनने वाला नजर नहीं आ रहा है। इसी तरह पटरी पार के क्षेत्र वार्ड नंबर एक में पानी की समस्या बनी हुई है। बताया जाता है कि वार्ड के पुलिया के पास पाइप लाइन को उंचा करने के लिए चार दिनों से कार्य जारी है इसके चलते पाइप लाइन में लीकेज होने से लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। इसके कारण वार्ड में पानी के लिए कोहराम मचा हुआ है। टैंकरों से जलापूर्ति करने की कोशिश की जा रही है किंतु वहां गिनती के टैंकर पहुंचने से वार्डवासियों को पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं हो पा रही। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इधर लखोली क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या के संबंध में पार्षदों द्वारा चुप्पी साधे जाने की बात कही जा रही है। इससे वार्डवासियों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

बता दें कि लोगों की सबसे बड़ी शिकायत बारिश के दिनों में भी पेयजल समस्या को लेकर है। इन दिनों नदी-नाले भरपूर जा रहे है। इसके बाद भी लखोली क्षेत्र के वार्डों में जल संकट का विद्यमान होना निगम प्रशासन की नाकामियों को दर्शाता है।

### वाल्व टंकी फूटने से व्यर्थ बह रहा पानी

लखोली क्षेत्र के संजय वार्ड राजीव नगर वार्ड, ब्रहमदेव चौक, लखोली स्कूल रोड, राहुल नगरवासी इन दिनों तकरीबन पखवाड़े भर से पेयजल संकट से जूझ रहे है। नलों में पानी नहीं के बराबर आ रहा है। सुबह पेयजल आपूर्ति के समय बामुश्किल कुछ ही समय के लिए नल खुलता है। जिसमें फोर्स की कमी होने के कारण मुश्किल से दो-चार गुंडी पानी मिल पाता है। वहीं लखोली रोड में फैज किराना दुकान के समीप पाईप लाईन वाल्ब में खराबी आ जाने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाने भी एक वजह बना हुआ है। इस वजह से इस क्षेत्र के नलों में फोर्स नहीं है। राहुल नगर क्षेत्र के देवारपारा वार्ड नं. 32 में नल नाम मात्र के लिए नहीं खुल रहा है। लोग गुंडी बाल्टी लेकर पानी की तलाश में इधर-उधर चक्कर लगाते रहते है। श्रमिक बहुल वार्ड होने के कारण सुबह नल खुलने की राह देखते है। मजबूरी में उन्हें पेयजल के लिए बोरिग कुंए आदि का सहारा लेना पड़ रहा है, वहीं निस्तारी के लिए उन्हें तालाबों की ओर रूख करनी पड़ रही है।

वार्डवासियों ने बताया कि इन क्षेत्रों के पार्षदों को पानी की किल्लत के संबंध में जानकारी दी गई है। वाट्सअप में फोटो खींचकर भेजा गया है लेकिन बारिश के दिनों में भी जल संकट से जूझ रहे लखोली क्षेत्रवासियों की कोई सुधि नहीं ले रहा। जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

पटरी पार पानी की समस्या के संबंध में वार्ड नं 1 के पार्षद राजा तिवारी ने बताया कि ले-देकर पाइप लाइन ऊंचा करने के कार्य किया गया है। इसके बाद भी वार्ड के बापूटोला क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी हुई है। बहरहाल श्रमिक बहुल क्षेत्र लखोली से लेकर पटरी पार के श्रमिक बहुल वार्ड में पेयजल आपूर्ति समस्या का निदान नहीं हो पा रहा। इससे जनाक्रोश बढ़ते जा रहा है।

# विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया महिला सहायक शिक्षिका का नियम विरुद्ध अध्यापन व्यवस्था

**नवीन शिक्षक संघ ने किया अध्यापन व्यवस्था निरस्त/संशोधित करने की माँग**

राजनांदगांव (दावा)। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा नियम विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था आदेश/निर्देश को निरस्त/संशोधित करने की माँग को लेकर नवीन शिक्षक संघ जिला ईकाई राजनांदगांव का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू एवं सचिव अजय कड़व के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य खरे उपस्थित नहीं होने पर आवक-जावक के प्रभारी अधिकारी के हाथों ज्ञापन दिया गया। संघ के जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू ने बताया कि, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 12.07.2024 को अध्यापन व्यवस्था आदेश में श्रीमति उकेश्वरी साहू सहायक शिक्षक मूल शाला शासकीय नवीन प्राथमिक शाला पारीकला संकुल- सुंदरा से प्राथमिक शाला नवीन मनकी संकुल- सुंदरा में किया गया है, जो एक ही संकुल-सुंदरा में है। जो शासन के निर्देशानुसार एवं नियम सम्मत अध्यापन व्यवस्था है। सहायक शिक्षिका श्रीमति उकेश्वरी साहू उक्त शाला में अध्यापन व्यवस्था के तहत् कार्य कर रही है। परन्तु महिने भर बाद ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा दिनांक 19 सितंबर को उक्त शिक्षिका के नाम से ही एक और अध्यापन व्यवस्था आदेश/निर्देश जारी किया गया है, जिसमें प्राथमिक शाला नवीन मनकी संकुल- सुंदरा से दूर अन्य संकुल परमालकसा के अंतर्गत शास.प्राथमिक शाला ठाकुरटोला अध्यापन व्यवस्था के लिए भेजा रहा है। चूंकि उच्च कार्यालय (जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय) के आदेश को अवहेलना कर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के द्वारा दुबारा अध्यापन व्यवस्था आदेश/निर्देश जारी कर मनमाना कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि उक्त सहायक शिक्षिका के संकुल में पद रिक्त है तो अन्य संकुल के शाला में अध्यापन व्यवस्था के लिए भेजा जाना किसी भी तरह न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता है। उक्त शिक्षिका अब किसके आदेश का पालन करें ये बात परेशान करने वाली और मानसिक रूप से हतोत्साहित करने वाला मामला हो गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के तहत् वह प्रा.शाला नवीन मनकी में लगभग दो माह से अध्यापन व्यवस्था के आदेश के तहत् वह कार्य कर रही है। जो कि, आज पर्यन्त तक वह आदेश प्रभावशील है एवं उस आदेश में स्पष्ट वर्णन किया गया है कि, आदेश शिक्षा सत्र 2024-25 के अंत तक प्रभावशील रहेगा। अब सत्र के मध्य में ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के नया आदेश/निर्देश जिसमें उक्त शिक्षिका को अन्य संकुल के शाला में भेजा जा रहा है। श्रीमति उकेश्वरी साहू ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के द्वारा नियम विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था आदेश को निरस्त/संशोधित करने की माँग को लेकर स्वंय अधिकारियों को आवेदन दे दिया है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के नियम विरूद्ध आदेश/निर्देश को नवीन शिक्षक संघ ने बहुत गंभीरता से लिया है, अगर अधिकारी मनमाफिक आदेश/निर्देश जारी करते रहे तो महिला शिक्षिकों के साथ अन्याय होता रहेगा और अधिकारियों के करीबी बचते रहेगें।

संघ के जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू एवं सचिव अजय कड़व ने कहा है कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा जारी नियम विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था आदेश निरस्त/संशोधित नहीं किया गया, तो इस बात को लेकर संघ उक्त महिला शिक्षिका को न्याय दिलाने मजबूती के साथ संघर्ष करेंगा। संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव से ज्ञापन में सहायक शिक्षिका श्रीमति उकेश्वरी साहू का विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया अध्यापन व्यवस्था आदेश/ निर्देश दिनांक 19/09/2024 को शीघ्र निरस्त/संशोधित करने की माँग किया है।

नवीन शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल में सर्व छन्नूलाल साहू, अजय कड़व, जितेन्द्र हिरवानी, प्रफुल्ल झा, जितेन्द्र देवांगन, महेश ठाकरे, अर्जुन सेन, प्रमोद साहू, गुरूदत्त सिन्हा, रूपेन्द्र साहू, कन्हैया लाल कुंजाम, राजेश, हेमंत निर्मलकर के साथ ही कई महिला शिक्षिका शामिल थे।

## पहला कॉलम...

### राज्य स्तरीय महाविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता 28 से रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में



**प्रदेश के 10 जिलों की फुटबॉल टीम करेगी शिरकत**

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा 28 सितंबर से 30 सितंबर तक रेलवे फुटबॉल मैदान डोंगरगढ़ में आयोजित की जानी है। उक्त प्रतियोगिता में राज्य से 10 जिलों की टीम शिरकत करेंगी। प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर, सरगुजा, राजनांदगांव, बलोदा बाजार, बस्तर जांजगीर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ एवं दुर्ग सेक्टर की टीम भाग ले रही है।

क्रीड़ा अधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता की समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई है। उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन 28 सितंबर को दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा। अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के खेल मंत्री, जनप्रतिनिधि, उच्च शिक्षा विभाग अधिकारी, विभिन्न महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एव टीम मैनेजर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। खिलाड़ियों के आवास एव भोजन की संपूर्ण व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा की गई है।

### जिले में अब तक औसत 1110.8 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 1110.8 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 13.3 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 37 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 14.3 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 37 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 24.2 मिमी, घुमका तहसील में 1.5 मिमी, छुरिया में 8.5 मिमी, कुमरदा तहसील में 1 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 6.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### सुखराम साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। लखोली वार्ड क्रमांक 35 नाई पारा निवासी सुखराम साहू (बढ़ई) का 26 सितंबर दिन गुरुवार समय दोपहर 2 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम यात्रा आज उनके निज निवास स्थान नाई पारा से 11.ड्ड30 बजे निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए।

# ब्लाक सतनामी सेवा समिति की आमसभा 29 को

**आमसभा में नई कार्यकारिणी का किया जाएगा गठन**



डोंगरगढ़(दावा)। ब्लाक स्तरीय प्रथम सामाजिक बैठक केदारबाडी स्तिथ सतनाम भवन में आयोजित की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में आय व्यय सहित संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जानी है। वर्तमान पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो रहा। ऐसे में आगामी चुनाव पर विस्तृत चर्चा की गई।

आगामी 29 सितंबर को आमसभा में जिला सतनामी सेवा समिति पंजीयन क्र. 5041 राजनांदगांव के अगुवाई व मार्गदर्शन में चुनाव संचालन टीम का गठन किया जाएंगा। आमसभा में उपस्थिति सामाजिक बंधुओं की राय से नई कार्यसमिति का गठन किया जाएगा। समन्वय सहमति न बनने की ही स्थिति में चुनावी प्रक्रिया किए जाने पर चर्चा हुई है।

इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष छोटूलाल टंडन, पंचराम चंदेल, गोवकरण कोसले, भुखन गायकवाड, शंकर बघेल, अंजोर मारकंडे, सुरेश गेंडरे, ईश्वरी बंजारे, जीतेन्द्र गेंडरे, कैलास बंजारे, भोला गायकवाड़, हरिदास चेलक, राजकुमार मंडले, ललित लहरे, प्रोषोत्तम चेलक, खेदुराम गायकवाड, योगेश गायकवाड, भजनलाल जाटवर, संतुदास गायकवाड, सुरेंद्रदास सतनामी सहित संत समाज बड़ी संख्या में शामिल हुए। अध्यक्ष छोटेलाल टंडन ने अपील करते हुए कहा यह आमसभा सामाजिक रूप में बहुत महत्वपूर्ण है।

# सीआरसी में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सीआरसी राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आस्था मूक बधिर संस्था के बच्चों व शिक्षकों एवं सीआरसी राजनांदगांव में अध्ययनरत डीएड (विशेष शिक्षा), आईडी प्रथम व द्वितीय वर्ष, सांकेतिक भाषा में दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम डीआईएसएलआई के विद्यार्थियों तथा कौशल विकास के दिव्यांगजनों द्वारा रैली निकाली गई और सिल्वर स्क्रीन थियेटर में श्रीकांत मूवी दिखाई गई। सीआरसी निदेशक श्रीमती स्मिता महोबिया ने बताया कि सांकेतिक भाषा एक ऐसी भाषा है, जो अर्थ सूचित करने के लिए श्रवणीय ध्वनि पैटर्न में संप्रेषित करने के बजाय, दृश्य रूप में सांकेतिक पैटर्न संचारित करती है। जिसमें वक्ता के विचारों को धाराप्रवाह रूप से व्यक्त करने के लिए हाथ के आकार विन्यास और संचालन, बांहों या शरीर तथा चेहरे के हाव-भावों का एक साथ उपयोग किया जाता है। कार्यक्रम असिस्टेंट प्रोफेसर नैदानिक मानोविज्ञान डॉ. प्रशांत मेश्राम, पुर्नवास अधिकारी मेघा दुबे , विशेष शिक्षिका निधि राजन और फरीदा बेगम की देखरेख मे कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# मोर बूथ मोर अभियान में मतदाता हुए सक्रिय- आभा तिवारी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा द्वारा चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 108वी जन्मदिन के अवसर को मोर बूथ मोर अभियान के तहत मनाया गया।जिसका लक्ष्य था बूथ में बने 100 सदस्य। जिला उपाध्यक्ष सदस्यता सह प्रभारी आभा तिवारी ने कहा कि भारत देश में सबसे ज्यादा संख्या वाली पार्टी भाजपा का सदस्यता ग्रहण करने का अभियान चल रहा है।

'मोर बूथ मोर अभियान' के तहत 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने जो दिया है उसे पूरा करने के लिए शुभारंभ किया है। एक एक बूथ में नेता कार्यकर्ता सहित सभी को दिए गए अपने अपने बूथों में 12 घंटा काम करना था विपरीत मौसम के बावजूद राजनांदगांव में सदस्यता की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है तथा 127 बूथ पर अभियान चलाई ऑनलाइन सदस्यता अभियान में सभी रुचि भी दिखा रहे है तथा भाजपा सरकार की प्रशंसा भी कर रहे हैं। पंडित जी के सपनो के भारत को आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे है। अंतिम लक्ष्य के प्राप्ति के लिए हम सबको सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी काम करना है। पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता 'हर बूथ में जाएंगे सौ सदस्य बनाएंगे' नारे के साथ जनता के बीच जाकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने का जो दायित्व मिला जो पूरा करना है। पार्टी के कार्य की सक्रिय देखते ही बनती है। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला संयोजक सावन वर्मा, आभा तिवारी, आलोक श्रोती, रविंद्र वैष्णव लगातार अपडेट लेते रहते है और लक्ष्य को प्राप्त करने कार्य में जुटे है।

# मोती तालाब में चला स्वच्छता अभियान





**महिला समूह एवं साई हास्टल के खिलाड़ी तालाब के किनारे सफाई कर स्वच्छता का दिये संदेश**

राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छता ही सेवा के लिये 10 दिनों से निगम सीमाक्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर अपने स्वभाव में स्वच्छता लाने अपील की जा रही है।

स्वच्छता अभियान में गलियों, सड़कों की सफाई के अलावा सार्वजनिक स्थलों जैसे मंदिर, उद्यान, मुक्तिधाम, तालाब तथा चौक चौराहों की सफाई कर स्वच्छता से जुड़ने व श्रमदान करने जागरूकता लायी जा रही है। अभियान में हर वर्ग के लोग जुडकर सहभागी बन स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे है।

आज का स्वच्छता अभियान मोतीतालाब में चलाया गया, जहॉ साई हास्टल के खिलाड़ी एवं तुलसी स्व सहायता समूह व भावना स्व-सहायता समूह की महिलाएं श्रमदान कर हाथ में झाड़ू और रापा लेकर मोती तालाब के किनारे कटिली झाडियाँ काटकर, झिल्ली पन्नी उठाकर साफ सफाई किये। उन्होंने आसपास के निवासियों से अपील किये कि तालाब में कचरा न डाले, उसके आसपास साफ-सफाई रखे क्योकि तालाब निस्तारी का प्रमुख साधन है, उन्होंने स्वच्छता अभियान में सहभागी बन शहर को साफ सुथरा रखने में सहयोग करने कहा। आज के स्वच्छता अभियान में निगम के अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदी सफाई कर्मी उपस्थित थे।

**dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में**
रोजाना 4 खेलों में



समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक गीत, संगीत मय फिल्म
मौरिषा फिल्मस प्राडक्शन प्रस्तुत
**तोर मया म सजनी**
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार -परम टुन्ड्रा, बिन्दू आदि।
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
27th SEP to 03rd Oct 2024
silver SCREEN



Devara - 11:30am, 11:45am, 02:45, 03:00, 06:00, 06:15, 09:15 and 09:30 pm
Yudhra (Hindi) - 12:00 pm
Stree 2 - 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) ✆ 8085600200

# पुलिस ने शराब पिलाने व चखना उपलब्ध कराने वाले के खिलाफ़ की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के सुकुलदैहान चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में शराब पिलाने वाले तथा चखना उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 2 नग देशी प्लैन शराब यूनिक का खाली पौव्वा कीमत 20 रुपया व 2 नग डिस्पोजल ग्लास, 3 नग पानी पाउच तथा 2 नग खुला हुआ चिप्स पैकेट बरामद किया है। आरोपी का नाम दीनदयाल विश्वकर्मा पिता रूपलाल विश्वकर्मा (55 साल) निवासी ग्राम लिटिया गांधी चौक बताया जाता है।

बता दें कि शराब पिलाने एवं चखना उपलब्ध कराने वाले पर सुकुलदैहान पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में गुरुवार 26 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम लिटिया में गांधी चौक के पास गौरीशंकर मंच में एक व्यक्ति अवैध धन अर्जन के उद्देश्य से शराब पिलाने एवं चखना उपलब्ध करा रहा है। इस पर मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर आरोपी की घेराबंदी करते हुए रेड की गई और आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) तहत कार्यवाही की गई।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-4-8
179-7 235-0
राजधानी
3-7-9
127-0 226-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# अंडर-19 क्रिकेट में भारतीय टीम से खेलेगा भावेश रजक



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम जंगलेसर का प्रतिभाशाली छात्र भावेश रजक जो वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धामनसरा में कक्षा 12 वीं छात्र है का चयन अंडर -19 भारतीय क्रिकेट टीम में विकेट कीपर, बल्लेबाज के रूप में हुआ है।विगत दिनों गोवा में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की ओर से खेलते हुए भावेश ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और बेस्ट बल्लेबाज और बेस्ट विकेट कीपर का खिताब अपने नाम किया। अंडर -19 क्रिकेट टीम में चयन होने पर उनके शिक्षकों ने खुशी जताई है और जंगलेसर पहुँचकर भावेश, उनके माता-पिता और परिजनों से मिलकर बधाई और निरंतर प्रगति-पथ पर अग्रसर होने के लिए शुभकामनाएँ दी। बधाई देने पहुँचने वालों में राकेश सोनी (प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बुचीभरदा), स्वर्णा श्रीवास्तव (प्रधान पाठक प्राथमिक शाला आरला), भूपेश साहू (सुरगी) के साथ-साथ बड़ी संख्या में सहपाठी मित्र, ग्रामवासी एवं परिजन उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़,**
**जिला : खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202407290100050 A/19(3)
वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा ग्राम खैरागढ़, प.ह.नं. 31, रा.नि.मं. खैरागढ़ तह. खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी परिषद खैरागढ़, तह. खैरागढ़ द्वारा एक रूपये प्रति वर्गफुट की दर से निकाय को भूमि आबंटन के आधार पर नगर खैरागढ़ स्थित ईतवारी बाजार के सामने पास व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य जिसका ख.नं. 153, क्षेत्रफल 276 व.मी. भूमि को आबंटन किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है.

उपरोक्तानुसार ग्राम खैरागढ़ प.ह.नं. 31 स्थित भूमि ख.नं. 153, क्षेत्रफल 276 व.मी. भूमि को व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य हेतु आबंटित किये जाने में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 09.10.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत कालावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. यह ईश्तहार आज दिनांक 24.9.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया.

जारी दिनांक 24.09.2024
सुनवाई दिनांक 09.10.2024

**तहसीलदार**
**खैरागढ़ ( छ.ग. )**

**न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़,**
**जिला : खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202407290100051 A/19(3)
वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा ग्राम खैरागढ़, प.ह.नं. 31, रा.नि.मं. खैरागढ़ तह. खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी परिषद खैरागढ़, तह. खैरागढ़ द्वारा एक रूपये प्रति वर्गफुट की दर से निकाय को भूमि आबंटन के आधार पर नगर खैरागढ़ स्थित सिविल लाईन दुर्गा चौक के पास व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य हेतु ख.नं. 171, क्षेत्रफल 224 व.मी. भूमि को आबंटन किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है.

उपरोक्तानुसार ग्राम खैरागढ़ प.ह.नं. 31 स्थित भूमि ख.नं. 171, क्षेत्रफल 224 व.मी. भूमि को व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य हेतु आबंटित किये जाने में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 09.10.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत कालावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. यह ईश्तहार आज दिनांक 24.9.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया.

जारी दिनांक 24.09.2024
सुनवाई दिनांक 09.10.2024

**तहसीलदार**
**खैरागढ़ ( छ.ग. )**

# 50 लाख के नक्सली ढेर: अबूझमाड़ में नक्सलियों के खिलाफ जवानों की ऐतिहासिक जीत, तीन खूंखार नक्सली हुए ढेर

अबूझमाड़। यह नाम सुनते ही घने जंगलों, कठिन पहाड़ियों और वहां छिपे खतरनाक नक्सलियों का ख्याल आता है। जहां आम इंसान का पहुंचना मुश्किल होता है, वहां सुरक्षा बलों ने एक बड़ा कारनामा कर दिखाया है। छत्तीसगढ़ का यह दुर्गम इलाका वर्षों से नक्सलियों का अड्डा बना हुआ था, पर अब हालात बदलने लगे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चलाए गए 'माड़ बचाओ' अभियान ने इस इलाके में शांति की एक नई उम्मीद जगाई है। सुरक्षा बलों ने सात दिनों तक चले एक लंबे और चुनौतीपूर्ण अभियान में न केवल नक्सलियों को करारा जवाब दिया, बल्कि उनके सबसे बड़े नेताओं में से तीन को भी खत्म कर दिया।

यह मुठभेड़ 23 सितंबर 2024 को अबूझमाड़ के परादी के जंगलों में शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर नक्सलियों के एक बड़े समूह को घेर लिया। सुरक्षा बलों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने को कहा, परंतु नक्सलियों ने जवाब में गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद, सुरक्षा बलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया और रुक-रुक कर चली मुठभेड़ में तीन कुख्यात नक्सली मारे गए। इनमें सबसे प्रमुख डीकेएसजेडसी के रूपेश थे, जिन पर 25 लाख का इनाम था। उनके साथ डीव्हीसीएम जगदीश और महिला नक्सली सरिता उर्फ बसंती भी मारे गए, जिन पर क्रमशः16 लाख और 8 लाख का इनाम था।



### सात दिन का संघर्ष और नक्सलियों का पतन

अबूझमाड़ में 124 घंटों तक चले इस सर्च ऑपरेशन में डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ की टीमें शामिल थीं। यह अभियान नारायणपुर, कोण्डागांव और दंतेवाड़ा जिलों में एक साथ संचालित हुआ। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए, जिनमें एके-47, इंसास, एसएलआर, और बीजीएल लॉन्चर जैसे अत्याधुनिक हथियार शामिल थे। मारे गए नक्सलियों में रूपेश सबसे खतरनाक था। उस पर 66 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें 2009 का मदनवाड़ा हमला भी शामिल था, जिसमें 29 जवान शहीद हुए थे। जगदीश, डीव्हीसीएम, पर 43 से ज्यादा मामले दर्ज थे, और सरिता नक्सली कंपनी नंबर 10 की प्रमुख सदस्य थी।

### मुख्यमंत्री का नेतृत्व : सतत समीक्षा और विकास की दिशा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का नेतृत्व नक्सल विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं इन अभियानों की निरंतर समीक्षा कर रहे हैं, और हर कदम की बारीकी से निगरानी करते हैं। पुलिस अधिकारियों से समय-समय पर फीडबैक लेकर, साय ने यह सुनिश्चित किया है कि हर अभियान नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक साबित हो। उनका उद्देश्य स्पष्ट है—नक्सल प्रभावित इलाकों को आतंक से मुक्त कर, वहाँ शांति और सुरक्षा का वातावरण स्थापित करना। मुख्यमंत्री ने कहा, हम अबूझमाड़ और अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को पूरी तरह से मुक्त करेंगे, ताकि वहाँ के लोगों को विकास और स्थिरता का अनुभव हो। मुख्यमंत्री साय का ध्यान केवल सुरक्षा अभियानों तक सीमित नहीं है। वह इन इलाकों में विकास कार्यों को भी अत्यधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को तेज़ी से लागू करने के लिए उन्होंने विशेष निर्देश दिए हैं।

### केंद्रीय गृह मंत्री की मॉनिटरिंग

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ में चला जाए नक्सली अभियान और इन क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट सीधे मुख्यमंत्री से ले रहे हैं। शाह ने कहा था कि नक्सलियों के पास अब दो ही रास्ते बचे हैं—या तो वे आत्मसमर्पण करें या सुरक्षा बलों की कार्रवाई का सामना करें। उनका यह बयान नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने और शांति की राह अपनाने के लिए प्रेरित करने वाला है, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक बदलाव आ सके।

### ग्रामीणों में उमंग और नक्सलियों की हार

अबूझमाड़ की इस ऐतिहासिक मुठभेड़ ने वहां के ग्रामीणों को एक नई आशा दी है। नक्सल आतंक के साए में जी रहे लोग अब अपनी आजादी और विकास की उम्मीद में जी रहे हैं। सुरक्षा बलों के इस साहसिक अभियान ने साबित कर दिया है कि नक्सलियों का अबूझमाड़ में अब टिक पाना असंभव है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी. ने बताया कि इस वर्ष बस्तर क्षेत्र में 157 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं, 663 को गिरफ्तार किया गया है, और 556 ने आत्मसमर्पण किया है। अबूझमाड़ में नक्सलियों की कमर टूट चुकी है और बहुत जल्द यह क्षेत्र पूरी तरह नक्सल मुक्त हो जाएगा।

## आत्महत्या के लिये उकसाने वाले दंपत्ति गिरफ्तार



### पीड़ित ने कर ली थी फांसी लगाकर आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के पेंड्री में एक पीड़ित द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने के मामले में पुलिस ने उसे आत्महत्या के लिए उकसाने वाले दम्पत्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के संबंध में लालबाग थाना प्रभारी नवरत्न कश्यप ने बताया कि प्रार्थी द्वारा गत 17 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसका छोटा भाई शोभित कुमार ढीमर निवासी अटल आवास पेंड्री जो अकेला रहता था अपने घर के कमरे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, जिस पर थाना लालबाग मे मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था।

मामला गंभीर प्रकृति का होने से कायमी की सूचना जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया या गया एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर घटना स्थल का बारीकी से एफ एसएल टीम के सहयोग से निरीक्षण किया गया पड़ोसियों एवं गवाहों के बयान से पता चला कि गत13 सितंबर की शाम शोभित कुमार ढीमर पर उसका पड़ोसी मीनाक्षी सोनकर उर्फ मीनु और उसका पति ईश्वर सोनकर उसके ऊपर बुरी नियत से गलत ईशारा करता था, का आरोप लगाकर गाली गलौच देते हुए मारपीट कर एवं जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट से मृतक के शरीर पर चोटें आई थी।

उक्त घटना से दुखी एवं व्यथित होकर शोभित कुमार ढीमर ने दिनांक 15 सितंबर की रात्रि से 17 सितंबर के मध्य अपने घर पर फांसी लगाकर आत्हत्या कर लिया था। आरोपी ईश्वर सोनकर एवं उसकी पत्नी मीनाक्षी सोनकर उर्फ मीनु के विरूद्ध 108, 3(5) बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर लालबाग सउनि राजू मेश्राम, आरक्षक राकेश ध्रुव, फागु साहू, अनुपमा के योगदान से आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## रक्तदान मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण- मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (दावा)। रक्तदान मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है, इससे जरूरतमंद मरीजों के प्राणों की रक्षा होती है और लोगों में जनसेवा की भावना जागृत होती है। उक्ताशय के विचार पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने ग्राम नागलदाह में आयोजित रक्तदान सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था उदयाचल परिवार एवं लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम नागलदाह में किया गया था।




- नागलदाह रक्तदान शिविर में पूर्व सांसद मधु ने रक्तवीरों का किया सम्मान
- उदयाचल परिवार, लायंस क्लब एवं चोपड़ा परिवार नागलदाह का संयुक्त आयोजन

इस स्वास्थ्य सेवा शिविर का संयोजन स्थानीय चोपड़ा परिवार के दिवंगत परिजनों के पुण्य स्मृति में परिजनों नागेश चोपड़ा, श्रीमती शोभा चोपड़ा, पद्म चोपड़ा, नितिन चोपड़ा सहित छात्र युवा मंच के रक्तवीर नागेश यदु, सुरेश साहू, मूलचंद साहू एवं ग्रामवासी द्वारा किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र जैन, अध्यक्ष उद्याचल परिवार राजेन्द्र बाफना, गणमान्य अतिथिगण उत्तमचंद बैद, एडव्होकेट शारदा तिवारी, फनेन्द्र जैन, लायंस क्लब अध्यक्ष तरनदीप सिंग अरोरा, राजकुमार शर्मा, शोभा चौरसिया, सुदामा मोटलानी, सतीश नादम, सरपंच कोहकराम वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में दंत रोग निदान, नेत्र जांच, जनरल स्वास्थ्य चेकअप एवं औषधि वितरण का कार्य भी किया गया। शिविर में रक्तवीरों द्वारा रक्तदान कर 65 यूनिट रक्त संकलित किया गया और 500 मरीजों की जांच कर चश्मा एवं औषधि वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि के द्वारा शिविर में उत्कृष्ट सेवा देने वाले दंत विशेषज्ञ डॉ. चेष्टा साहू, होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, मेडिसीन विशेषज्ञ डॉ. चेतन साहू, रक्तमित्र फनेन्द्र जैन को 121वीं बार रक्तदान हेतु एवं रक्तवीर नागेश यदु को 51वीं बार रक्तदान हेतु अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। आयोजन के अंत में चोपड़ा परिवार के वरिष्ठ सदस्य बापू गुलाबचंद चोपड़ा ने सफल आयोजन में अपना प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

## मां भानेश्वरी शक्तिपीठ सिंघोला में रहेगी नवरात्रि पर्व की धूम

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम सिंघोला स्थित मां भानेश्वरी शक्तिपीठ मे दुर्गा नवमी की तैयारी बड़ी जोर शोर से चल रही है। राकेश कुमार साहू सिंघोलिया (उदघोषक) ने बताया कि नवरात्रि पर्व के तहत दीप प्रज्वलित, ज्योति स्थापना 6 अक्टूबर को की जाएगी।

पंचमी कलश स्थापना 10 अक्टूबर, हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णहुती 13 अक्टूबर, जवारा विसर्जन एवं शोभायात्रा 14 अक्टूबर को निकाली जाएगी। देवी जस भजन प्रतिदिन शाम 6 बजे से होगा। मंदिर प्रांगण में श्री देवी भागवत नवाह ज्ञान यज्ञ 7 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और समापन 15 अक्टूबर को होगी। जिसके व्यासपीठ कथावाचक पंडित भगवती प्रसाद तिवारी ग्राम रानीतराई रोड, परायणकर्ता पंडित घनश्याम प्रसाद तिवारी



भागवताचार्य होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। आयोजनकर्ता शंकर लाल, श्रीमती बसंती साहू ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारिया प्रारम्भ कर रही है।मंदिर समिति के पुजारी दिलीप कुमार ठाकुर,नंद (नरेंद्र) साहू अध्यक्ष, भोजराम साहू उपाध्यक्ष, सुरेश साहू कोषाध्यक्ष, रोशन साहू सचिव, कुबेर साहू सहसचिव,संरक्षकगण पतिराम साहू, लखन साहू, पुरानिक साहू, रामविलास, अमर सिंह, भुवन साहू है। यह जानकारी रूपेंद्र साहू ने दी।

## श्राद्ध पक्ष में अनेक श्रद्धालु अभिलाषा पहुंच दिव्यांग बच्चों को रुचिकर भोजन कराया

### मन को बहुत सुकून मिलता है - नीरज बाजपेयी

राजनांदगांव (दावा)। नगर में संचालित दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास केन्द्र अभिलाषा राजनांदगांव में, पितृ पक्ष के अवसर पर प्रति वर्ष अनेक श्रद्धालु अपने पितरों की याद में संस्था पहुंच कर दिव्यांग बच्चों को रुचिकर भोजन कराते हैं, संस्था संचालन समिति द्वारा रुचिकर भोजन के लिए एक वक्त मीठा के साथ इक्कीस सौ और सादा भोजन के लिए पंद्रह सौ निर्धारित किया गया है, संस्था मे किसी भी परिवार में किसी भी यादगार तिथि पर भोजन कराया जा सकता है।



उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जारी पितृ श्राद्ध पक्ष में अनेक श्रद्धालु अपने पितरों की याद में संस्था पहुंच कर रुचिकर भोजन करा रहे हैं जिनमें से संतोष कुमार बोद्दून अध्यक्ष अभिलाषा द्वारा अपनी धर्मपत्नी श्रीमती विमल बोद्दू, स्वर्गीय गणेश राधा खरे कवर्धा खरे परिवार, दिनेश चौरसिया द्वार अपनी पूर्वज की याद में, तन्ना परिवार द्वारा बाबूभाई हेमराज तन्ना की याद में, डिकेस्वारी साहू जेल पुलिस द्वारा अपने माता पिता की याद में, स्व. पुरुषोत्तम साहू की याद में मानव मंदिर परिवार द्वारा, अखिल अंदानी लालबाग द्वार अपने पूर्वज स्व. ईश्वर लाल अंदानी की याद में, स्व. विनोद भाई पटेल लालबाग की याद में, अरुण गुप्ता की स्मृति में गुप्ता परिवार,स्व. श्रीमती प्रेमशीला बाजपाई की स्मृति में प्रतीक, नीरज बाजपाई (कोषाध्यक्ष अभिलाषा) वीरक बाजपाई, उमेश भाई ठक्कर बलदेव बाग शामिल हैं।

संस्था में भोजन व नाश्ता कराने के लिए कम से कम एक दिन पूर्व सूचित किया जाना उत्तम होता है, संस्था संचालन समिति समस्त दानवीरों के प्रति हृदय से आभार प्रकट करती है। उक्त जानकारी संस्था के सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा एवं प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

## शिवनाथ वाटिका गरबा उत्सव में नहीं बजेगा डीज

### संस्कारधानी गरबा ग्रुप ने कलेक्टर को दिया आश्वासन

राजनांदगांव (दावा)। शहर में आयोजित होने वाले शिवनाथ वाटिका गरबा उत्सव 2024 के आयोजकों, संस्कारधानी गरबा ग्रुप ने नवरात्रि पर्व के गरबा उत्सव में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए डीजे नहीं बजाने का निर्णय लिया है।



आयोजकों ने आश्वासन दिया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी उत्सव धार्मिक परंपराओं और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाएगा। संस्कारधानी गरबा ग्रुप के पदाधिकारी अवंत अग्रवाल और राहुल चोपड़ा ने बताया कि नवरात्रि पर्व हमारी आस्था का केन्द्र है, जिसमें गरबा के साथ माता रानी की पूजा, ज्योत और जंवारा की स्थापना की जाती है।

उत्सव के दौरान प्रतिभागियों को रोजाना नकद पुरस्कार, ट्रॉफी, गिफ्ट वाउचर और मूवी टिकट जैसे आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजन समिति अध्यक्ष कांत अग्रवाल ने बताया कि इस बार गरबा के आयोजन में सुमधुर भजन और लोक गुजराती गीतों पारंपरिक का ही इस्तेमाल होगा और प्रशासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए डीजे रहित गरबा उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन के संबंध में आप अधिक जानकारी के लिए 9827194107,9770048084, 9907421055, 7000629846 दिए गए नंबर में संपर्क कर सकते है।

## मोर बुथ घर घर चलो सदस्यता अभियान

डोंगरगढ़ (दावा)। मोर बुथ घर घर चलो सदस्यता अभियान के तहत



रामाटोला बुथ में सदस्य बनाने का कार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन पर किया गया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री रामाधीन देवांगन भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र साहू, देवेन्द्र नर्वदेश्वर, केशोराम वर्मा, मन्नु वर्मा, जगदीश नागराज साहू, गेंदलाल, खहमन देवागंन उपस्थित थे।

# टीकाकरण के बाद 3 साल के बच्चे की मौत मामले में पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने गहराई से जांच होनी चाहिये

**अंबिकापुर. मैनपाट के ग्राम पंचायत परपटिया हर्राढोढ़ी निवासी 3 वर्षीय एक बालक को मंगलवार को ढोढ़ीटिकरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण किया गया था। परिजन का कहना था कि रात में उसे बुखार आया और उसकी मौत हो गई। उन्होंने टीकाकरण से मौत का आरोप लगाया है। जबकि सीएमएचओ ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में बच्चे के श्वास नली व गले में दूध फंसा मिला है।**

इस मामले में प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। टीएस सिंहदेव ने कहा कि एक दुर्भाग्यपूर्ण जानकारी सामने आई है कि मैनपाट के ग्राम परपटिया के एक आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण के बाद बच्चे को बुखार आया और उसकी मौत हो गई। जबकि सीएमएचओ का ये कहना है कि दूध सांस की नाली में अटक जाने से मौत हुई है।



ये मेरे लिए बिना किसी ठोस तथ्य के कहना कठिन होगा। अगर बुखार आया तो अपने आप में यह दर्शाता है कि बच्चे को कोई न कोई रिएक्शन हुआ होगा। टीकाकरण में जो भी दवाई इस्तेमाल हुई होंगीं, उस बैच की सभी दवाइयों को तत्काल रोक लेना चाहिए। उसे अलग कर स्टोर में रख लेना चाहिए। उसकी जांच कराने के बाद यदि वह सही पाई जाती है तो ही इस्तेमाल में लाना चाहिए।

### गहराई से होनी चाहिए मामले की जांच

सिंहदेव ने कहा कि जब टीका खरीदा गया था तो उस समय उसका क्वालिटी कंट्रोल हो गया था या नहीं, इस बात का भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी टीका पहले लैब में भेजा जाता है, सैंपल 2-3 लेबोरेट्री से क्लीयर होने के बाद ही इसे उपयोग में लाया जाता है। इन बातों को ध्यान में लेकर ही टीकाकरण को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिलासपुर के बाद दोबारा ये बात सामने आ रही है, इसे गंभीरता से लेते हुए इसकी गहराई से जांच करानी चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है ?

### परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

इधर गुरुवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश पर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल में जिला पंचायत सदस्य सुनील बखला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपाट बलराम यादव एवं राम नारायण पटेल शामिल थे। इन्होंने ग्राम पंचायत परपटिया के हर्राढोढ़ी पहुंच कर बच्चे की मौत मामले में परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार से पूरे मामले की जानकारी भी ली। मैनपाट के ग्राम परपटिया निवासी सहत राम मझवार पत्नी फूलमति के साथ मंगलवार को अपने 3 वर्षीय बच्चे को ढोढ़ीटिकरा के आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण के लिए ले गया था। बुधवार तड़के करीब 3.30 बजे बच्चे की मौत हो गई थी। टीकाकरण के बाद बच्चे को बुखार आ गया था। परिजनों ने टीकाकरण के बाद बच्चे की मौत हो जाने की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य अमले को दी थी। इस आरोप के बाद बच्चे के शव का पीएम कमलेश्वरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया था। बच्चे के शव का बिसरा एवं ब्लॅड सैंपल प्रिजर्व किया गया है, जिसे जांच के लिए रायपुर भेजा जाएगा।

बच्चे के पिता का कहना था कि कि टीकाकरण से पूर्व बच्चा पूरी तरह स्वस्थ था। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का कहना था कि मंगलवार को 7 अन्य बच्चों को भी टीका लगाया गया है, लेकिन वे सभी सामान्य हैं।

## आज अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ ध्वजारोहण से होगा

### मुख्य अतिथि होंगे निवृत्तमान अध्यक्ष संतोष अग्रवाल





राजनांदगांव (दावा)। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का गरिमामय शुभारंभ 27 सितंबर 2024 शुक्रवार को प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ होगा। स्थानीय अग्रसेन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के निवृत्तमान अध्यक्ष संतोष अग्रवाल होंगे।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि इसी के साथ आज से ही पूरे सप्ताह भर तक चलने वाले विविध कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की श्रृंखला शुरू हो जाएगी। अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल, महिला मंडल की सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल नवयुवक मंडल के सचिव चैतन्य अग्रवाल ने सभी अग्र बंधुओं से इस कार्यक्रम में सपरिवार अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

### आज होने वाली प्रतियोगिताएं

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता (छत्तीसगढ़िया गेटअप), वेजिटेबल से बुके बनाओ, मीठा व्यंजन बनाओ (कच्चे नारियल से)। अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा - शतरंज, लूडो, कैरम तथा स्नेक एण्ड लेडर (सभी जूनियर तथा सीनियर वर्ग में)। सभी प्रतियोगिताएं दोपहर साढ़े तीन बजे से अग्रसेन भवन में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार सह प्रभारी राहुल अग्रवाल ने दी।

## अनमोल दावा

> अपनी उर्जा को चिंता करने में खत्म करने से बेहतर है, इसका उपयोग समाधान ढूंढने में किया जाए।

## भारत पर निवेशकों का बढ़ता भरोसा, जापान के बाद दूसरा सबसे पसंदीदा देश

मार्गन स्टैनली द्वारा बड़ी मध्यम और छोटी कंपनियों के 3355 शेयरों के आधार पर 24 उभरते बाजारों का निवेश योग्य बाजार सूचकांक तैयार किया जाता है। उभरते बाजार के मानक सूचकांक में भी भारत ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई है। इस सूचकांक में बड़ी और मध्यम कंपनियों के शेयर शामिल होते हैं। साल के अंत तक उभरते बाजार के मानक सूचकांक में भी भारत चीन को पीछे छोड़ देगा।

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत के शेयर बाजार ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। सरकार की दूरगामी आर्थिक नीतियों और सकारात्मकता का ही परिणाम है कि भारत की मध्यम और छोटी कंपनियां बड़ी कंपनियों की तुलना में अधिक बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। उभरते बाजारों में भारत निवेशकों का पसंदीदा देश बन रहा है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में जापान के बाद भारत निवेशकों का दूसरा सबसे पसंदीदा देश बन गया है। एक सितंबर से 13 सितंबर तक कुल 13 दिनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के द्वारा 53 हजार करोड़ का निवेश भारत में हुआ, जिसमें से 28 हजार करोड़ का निवेश शेयर बाजार में हुआ। भारतीय शेयर बाजार में आई तेजी ने न सिर्फ विदेशी, बल्कि घरेलू निवेशकों को भी आकर्षित किया है। पिछले चार वर्षों में भारतीय निवेशकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। शेयर बाजार में मिलने वाले अच्छे रिटर्न ने निवेशकों के आत्मविश्वास को बढ़ाया है। परंपरागत क्षेत्रों जैसे सोना और प्रापर्टी में निवेश के अलावा लोगों की शेयर बाजार में भी दिलचस्पी बढ़ी है। अकेले उत्तर भारत के निवेशकों की संख्या लगभग चार गुना बढ़ गई है। इंटरनेट और मोबाइल के प्रसार ने लोगों में शेयर बाजार की जानकारी और निवेश को लेकर जागरूकता बढ़ाई है।

आनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफार्म और मोबाइल एप की सुगमता ने शेयर बाजार को बहुत आसान बना दिया है। वित्तीय साक्षरता में होने वाली वृद्धि ने भी लोगों को इसमें निवेश करने के लिए प्रेरित किया है। यही कारण है कि इन्वेस्टमेंट रिसर्च फर्म मार्गन स्टैनली कैपिटल इंटरनेशनल के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। यह फर्म विभिन्न देशों के आधार पर, क्षेत्रों के आधार पर, उभरते बाजारों आदि के आधार पर अनेकों प्रकार के सूचकांक जारी करता है। इसमें दो सूचकांक सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। पहला, उभरते बाजार का निवेश योग्य बाजार सूचकांक और दूसरा, उभरते बाजार का मानक सूचकांक। उभरते बाजार के निवेश योग्य बाजार सूचकांक में चीन के 21.58 प्रतिशत वेटेज की तुलना में भारत का वेटेज 22.27 प्रतिशत हो गया है।

मार्गन स्टैनली द्वारा बड़ी, मध्यम और छोटी कंपनियों के 3,355 शेयरों के आधार पर 24 उभरते बाजारों का निवेश योग्य बाजार सूचकांक तैयार किया जाता है। उभरते बाजार के मानक सूचकांक में भी भारत ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई है। इस सूचकांक में बड़ी और मध्यम कंपनियों के शेयर शामिल होते हैं। माना जा रहा है कि इस साल के अंत तक उभरते बाजार के मानक सूचकांक में भी भारत चीन को पीछे छोड़ देगा, क्योंकि पिछले दिनों चीन के खराब प्रदर्शन करने वाले लगभग 60 स्टाक को इसमें से हटा दिया गया, जबकि भारत के अच्छा प्रदर्शन करने वाले सात स्टाक को इसमें जोड़ा गया। इसके बाद भारत का वेटेज जहां 84 प्रतिशत बढ़ा है, वहीं चीन के वेटेज में 50 प्रतिशत की गिरावट आई है। वर्तमान में चीन का वेटेज 23.7 प्रतिशत है और भारत का प्रतिशत 20.6 प्रतिशत है। 2021 की शुरुआत में भारत का वेटेज 9.2 प्रतिशत था, जो चीन के 38.7 प्रतिशत वेटेज के एक-चौथाई से भी कम था। यह पुनर्संतुलन व्यापक बाजार रुझानों को दर्शाता है।

जहां चीन आर्थिक चुनौतियों और विनियामक कार्रवाइयों से जूझ रहा है, वहीं अनुकूल आर्थिक स्थितियों से भारत को काफी लाभ हुआ है। इस समय चीन का कुल बाजार पूंजीकरण 8.14 लाख करोड़ डालर है, जो भारत के 5.03 लाख करोड़ डालर से 60 प्रतिशत अधिक है। मार्गन स्टैनली के दोनों सूचकांकों में भारत के वेटेज का बढ़ना यह सिद्ध करता है कि वैश्विक मंच पर भारत की साख बढ़ रही है। सरकार की अनुकूल नीतियों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत हो रही है और भारतीय कंपनियां प्रभावशाली प्रदर्शन कर रही हैं। इन सबके कारण इक्विटी बाजार लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। देश न सिर्फ निरंतर आर्थिक प्रगति कर रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय निवेशक समुदाय को भी लुभा रहा है। भारत के मैक्रो अर्थशास्त्र के विभिन्न पक्ष जैसे मौद्रिक और राजकोषीय घाटा आदि पहलुओं पर भी अनुकूल स्थितियां हैं। साल 2024 की शुरुआत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) में 47 प्रतिशत की वृद्धि, कच्चे तेल की कीमतों में कमी, भारतीय ऋण बाजारों में पर्याप्त विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआइ) आदि ऐसे सकारात्मक रुझान प्रमुख कारक रहे हैं। इस सकारात्मकता के कारण ही घरेलू निवेशकों द्वारा भी तुलनात्मक रूप से अधिक पैसा शेयर बाजार में निवेश किया जा रहा है।

# क्या हैं नए नियम, दुकानों पर नाम लिखने और सीसीटीवी लगाने का आदेश?

**दिलनवाज़ पाशा**

खाद्य पदार्थों में मिलावट के आरोपों के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी खाद्य दुकानों पर संचालक, प्रबंधक और मालिक का नाम प्रदर्शित करने का आदेश दिया है.

सरकार ने इसके अलावा होटलों, रेस्तरां और खाद्य सामग्री बेचने वाली दुकानों पर काम करने वाले शेफ़ और कर्मचारियों के लिए मास्क के साथ दस्ताने पहनना अनिवार्य करने और सीसीटीवी कैमरा लगाने के आदेश भी दिए हैं.दो महीने पहले ही उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पुलिस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर खाने-पीने का सामान बेचने वाले दुकानदारों को बड़े-बड़े स्पष्ट अक्षरों में नाम लिखने के आदेश दिए थे, जिन पर बाद में सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी थी.हालांकि तब सीसीटीवी कैमरा, मास्क और दस्ताने की बात शामिल नहीं थी.लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों की सेहत और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा नियमों में बदलाव के निर्देश भी दिए.

मंगलवार को, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद यूपी सरकार की तरफ़ से जारी एक बयान में कहा गया कि खाद्य प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रबंधक, प्रोप्राइटर और अन्य संबंधित कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित किए जाने चाहिए और इसके लिए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम में ज़रूरी बदलाव किए जाएं।

इस बयान में हाल के दिनों की कुछ घटनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा गया है, देश के अलग-अलग हिस्सों में जूस, दाल और रोटी जैसे खाद्य पदार्थों में मानव अपशिष्ट, खाने के अयोग्य पदार्थों की मिलावट की घटनाएं सामने आई हैं.सरकार के बयान में कहा गया है, ये कृत्य भयावह हैं और लोक स्वास्थ्य के लिए गंभीर ख़तरा हैं. इस तरह की दुर्भावनापूर्ण घटनाएं पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं. उत्तर प्रदेश में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए और आम आदमी के स्वास्थ्य के साथ खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस उपाय किए जाने चाहिए.सरकार की तरफ़ से जारी बयान में कहा गया है कि ग्राहकों के बैठकर खाने की जगह के अलावा अन्य स्थानों पर भी सीसीटीवी लगाया जाना चाहिए और संचालकों को सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करने की व्यवस्था करनी चाहिए.पुलिस और प्रशासन के मांगने पर ये फुटेज उपलब्ध करवाना भी अनिवार्य होगा. सरकार ने प्रशासन को इन नियमों के पालन के लिए अभियान चलाने का आदेश भी दिया है.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि खाना बनाने और उसे परोसने वाले सभी लोगों के लिए मास्क और ग्लब्स ज़रूरी है और इसमें लापरवाही की कोई गुंज़ाइश नहीं है.इस साल कांवड़ यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुज़फ़्फ़रनगर में स्थानीय प्रशासन ने सभी दुकानदारों को बड़े-बड़े अक्षरों में अपना नाम लिखने के आदेश दिए थे.इसके अलावा रेस्तरां और होटल चलाने वालों से सभी कर्मचारियों के नाम भी अंकित करने के लिए कहा गया था.तब प्रशासन का तर्क था कि धार्मिक यात्रा कर रहे कांवड़ यात्रियों में कोई भ्रम की स्थिति पैदा ना हो, इसलिए ऐसा किया जा रहा है.




हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने 22 जुलाई को नाम लिखवाने के प्रशासनिक आदेश पर रोक लगा दी थी.सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस ऋषिकेश राय और एसवीएन भट्टी की बेंच ने कहा था कि दुकादारों को यह तो लिखना चाहिए कि वो किस तरह का खाना बेच रहे हैं, लेकिन उन्हें मालिक या कर्मचारियों के नाम ज़ाहिर करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता.सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस बात की अनुमति है कि प्रशासन ये सुनिश्चित करे कि कांवड़ियों को शाकाहारी खाना मिले जो साफ़-सुथरा हो और उनकी पसंद के हिसाब से हो.अदालत ने ये भी कहा था कि ये सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 या रेहड़ी-पटरी अधिनियम 2014 के प्रावधानों के तहत आदेश जारी कर सकता है.मुज़फ़्फ़रनगर में प्रशासन के आदेश के बाद नाराज़गी भी देखने को मिली थी और कई लोगों ने ये आरोप लगाया था कि ऐसा उनके कारोबार को प्रभावित करने के लिए किया गया है.सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, कई दुकानदारों ने अपने नाम के बोर्ड दुकानों से हटा दिए थे.हालांकि, हाल के दिनों में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जब जूस पार्लर या ढाबा चलाने वालों पर मानव अपशिष्ट मिलाने के आरोप लगाते हुए उन्हें गिरफ़्तार किया गया है.

ग़ाज़ियाबाद में पुलिस ने एक जूस विक्रेता को कथित रूप से जूस में पेशाब मिलाने के आरोप में गिरफ़्तार किया था.12 सितंबर को सहारनपुर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक पर थूक लगाकर रोटी पकाने के आरोप लगाये गए थे.उत्तर प्रदेश सरकार का तर्क है कि ये आदेश लोकहित में लाया गया है ताकि लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सके.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा है कि लोगों के स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया जाएगा.हालांकि, ये सवाल भी उठा है कि सुप्रीम कोर्ट के नाम लिखवाने के आदेश पर रोक के बावजूद सरकार का ये नया आदेश क्या सुप्रीम कोर्ट के दुकानों पर नाम लिखवाने पर अंतरिम रोक के आदेश का उल्लंघन है? सुप्रीम कोर्ट के वकील महमूद प्राचा कहते हैं, सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर याचिका लंबित है. ये आदेश एक तरह से सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बच कर निकलने का प्रयास है.भारत में किसी भी खाद्य प्रतिष्ठान के संचालन के लिए नियामक संस्था एफ़एसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण) दो तरह से प्रतिष्ठानों को संचालन की अनुमति देता है.रेहड़ी-पटरी या छोटी दुकानों को पंजीकरण कराना होता है जबकि रेस्तरां या बड़े प्रतिष्ठानों को लाइसेंस लेना होता है.खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए रेहड़ी-पटरी लगाने या रेस्तरां संचालन के लिए ये पंजीकरण या लाइसेंस ज़रूरी है

महमूद प्राचा कहते हैं, राज्य स्तर पर सरकार एफ़एसएसआई क़ानून को नहीं बदल सकती है. ये क़ानून खाद्य सुरक्षा के लिए हैं, लेकिन जो तर्क सरकार ने दिया है वो इस क़ानून के मक़सद के साथ तर्कसंकत नहीं हैं. सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश ये कहता है कि संसद या राज्य विधानसभा कोई ऐसा क़ानून नहीं बना सकती है जो सुप्रीम कोर्ट के किसी आदेश को रद्द करने के उद्देश्य से लाया जाए. महमूद प्राचा कहते हैं, च्यूपी सरकार का ये आदेश, अगर आम आदमी की भाषा में कहा जाए तो, सुप्रीम कोर्ट के आदेश की भावना के ख़िलाफ़ है. अगर कोई मिलावट कर रहा है तो उसके लिए पहले से क़ानून है, जहाँ तक नाम लिखवाने का सवाल है, उसके लिए भी नियम हैं. छोटे दुकानदार पंजीकरण पत्र प्रदर्शित करते हैं जबकि बड़े प्रतिष्ठान लाइसेंस लगाते हैं.वहीं, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े कहते हैं, कांवड़ यात्रा के दौरान जो सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश था वो अलग मामले में हैं. अब सरकार नया आदेश लेकर आई है, यदि कोई इसे चुनौती देना जाता है तो फिर से उसे चुनौती देनी होगी. जो सुप्रीम कोर्ट का पुराना अंतरिम आदेश है, वह इस लागू नहीं होगा. भारत के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के मुताबिक़, भारत में क़रीब 18.5 लाख या कुल लगभग चार करोड़ रेहड़ी-पटरी दुकानदारों में से सिर्फ़ 17 प्रतिशत ही पंजीकृत हैं.महमूद प्राचा कहते हैं, पंजीकरण और लाइसेंस हासिल करने के लिए जिस स्तर पर सुविधाओं की ज़रूरत है, वो ढांचा अभी पूरी तरह विकसित नहीं है. ऐसे में, उत्तर प्रदेश सरकार के नए आदेश के बाद छोटे दुकानदारों को कई तरह की दिक़्क़तों का सामना करना पड़ेगा. वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता हरीश चंद्र श्रीवास्तव कहते हैं कि यूपी सरकार ये आदेश जनहित को ध्यान में रखकर लाई है और इसे किसी और नज़रिए से नहीं देखा जाना चाहिए. हरीश कहते हैं, इस आदेश का सुप्रीम कोर्ट के आदेश से कोई संबंध नहीं है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 270 : अब प्रजा के जय घोष में है श्री राम के वनवास को लेकर आक्रोश का स्वर

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



लक्ष्मण जी ने अपने भैया राम के पास जाने के लिए उर्मिला जी से विदा ली। उर्मिला जी ने अपने पति की आरती की।ललाट पर तिलक लगाया और मन ही मन श्री हरि विष्णु से प्रार्थना की, कि उनके पति की रक्षा करना और वन के पथ पर आने वाली भावी चुनौतियों से उन्हें तथा ज्येष्ठ श्री राम और जानकी दीदी को सुरक्षित रखना। लक्ष्मण जी ने दिव्य अस्त्र शस्त्रों के साथ श्री राम और सीता जी के निज भवन की ओर प्रस्थान किया। एक प्रस्थान लक्ष्मण जी का हो रहा है तो एक प्रस्थान उर्मिला जी का भी हो रहा है। वह है दांपत्य सुख से दूर रहकर 14 वर्षों के लिए अपने पति की ही तरह तापस जीवन व्यतीत करना।

कई योजन में विस्तृत अयोध्या नगरी के भव्य और विशाल विस्तृत राजप्रासाद के भीतर महाराज दशरथ समेत राज परिवार के विभिन्न सदस्यों के लिए अपने-अपने निज भवन बने हुए हैं और ये सभी भवन एक दूसरे से संयुक्त भी हैं। राज प्रसाद के सामने वाले भाग में मुख्य भवन और अन्य भवनों के समानांतर एक विशाल परकोटा है।इस परकोटे के मध्य अनेक स्थलों पर सैनिकों तथा प्रहरियों के स्थान हैं। भूमि से ऊंचाई पर कुछ ही सीढ़ियां चढ़ने के बाद बाहर नगर का दृश्य दिखाई देता है और जब लक्ष्मण जी राजप्रासाद के भीतर के मुख्यपथ से होते हुए अपने भैया राम के निज भवन की ओर जा रहे हैं तो जनकोलाहल सुनाई देता है। एक प्रहर से भी कम समय पूर्व यही जन समुदाय महाराज दशरथ और राजकुमार राम समेत कौशल राज्य की जयकार की ध्वनि घोषित कर रहा था। अब प्रजा के कोलाहल में आक्रोश की ध्वनि साफ सुनाई देती है।

रह-रहकर समवेत पुकार भी सुनाई देती है। अब प्रजा द्वारा लगाए जा रहे जय घोषों में प्रश्न चिह्न है।


(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -190

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 189 का हल



## सू- दोकू क्र.190

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.189 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## स्मृतियां - 10

### अंग्रेजी सीखना

वास्तव में कोई भी भाषा कठिन नहीं होती। यह हमारे उस भाषा से परिचय / उपयोग पर निर्भर करता है। वर्ष 1995 में मुझे केन्द्रीय अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा संस्थान हैदराबाद जाना था। अब तो वह अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा वि.वि. हो गया है। यहाँ मुझे राज्य के अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों को प्रशिक्षण देने स्रोत व्यक्ति के तीन माह के प्रशिक्षण में जाना था। उस प्रशिक्षण में तीन राज्य के प्रशिक्षार्थी आए थे। कुल 30 प्रतिभागी थे। म प्र दे हम लोग आठ व्याख्याता थे।

वहाँ जाने से पहले अपनी संस्था से कुछ काम करके ले जाने का निर्देश था। मैं तब जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ में पदस्थ था। मैं डी एड की कक्षा में गया। अपने साथ सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली से प्राप्त भिन्न ऐतिहासिक स्मारकों के चित्र ले गया था। जैसे कुतुब मीनार, राष्ट्रपति भवन, लाल किला आदि, जिसमें उस चित्र के पीछे पहले हिन्दी में फिर अंग्रेजी में उसका वर्णन था । मैंने सभी प्रशिक्षार्थियों को उसे पढ़ने कहा। उसके बाद उन चित्रों को उनसे वापस ले लिया। फिर अपनी स्मृति के अनुसार उस वर्णन को अपने शब्दों में अंग्रेजी में लिखने कहा। सभी ने लिखा। उनके लिखने में हुई त्रुटि का विश्लेषण कर अपना प्रतिवेदन तैयार किया और वह प्रतिवेदन लेकर मैं हैदराबाद गया।

उक्त स्वतंत्र लेखन में प्रशिक्षार्थियों द्वारा की गई त्रुटियो का विवरण इस प्रकार है सर्वाधिक त्रुटि 36 प्रतिशत शब्दों के सही स्पेलिंग लिखने में हुई थी। उसके बाद था काल की त्रुटि जो 15,43 प्रतिशत थी। फिर आता है बड़े और छोटे अक्षर लिखने की त्रुटि जो 11 प्रतिशत थी। फिर विराम चिन्हों के सही प्रयोग की गलती थी जो लगभग 09 प्रतिशत थी। इसके बाद आर्टिकल की त्रुटि थी जो कि लगभग 07 प्रतिशत थी। नए शब्द बनाने, प्रीपोजीशन, नंबर और लिंग संबंधी त्रुटियों का प्रतिशत लगभग 4 प्रतिशत ही था। वास्तव में भाषा एक कौशल है, ज्ञान कम। नई भाषा सीखने के लिए उसे पढ़ने लिखने बोलने और सुनने/समझने के अभ्यास की आवश्यकता होती है। अंग्रेजी भाषा का शिक्षण कक्षा पहली से छत्तीसगढ़ राज्य में भले ही सन 2001 से प्रारंभ हो गया है किन्तु बच्चों की उपलब्धि अब भी कमजोर बनी हुई है। जाने कब यह स्थिति सुधरेगी ?



युगल किशोर तिवारी

## कविता


### // मेरी कविता बनती है //

किसी फुटपाथ पर
हाथ फैलाए
नेत्रहीन दादी के साथ
जब दिव्यांग पोती बैठती है,
तब मेरी कविता बनती है।
कूड़े-करकट के ढेर में
मुन्नी और रधिया को
रोटी टटोलते हुए
जब मेरी आँखें देखती हैं,
तब मेरी कविता बनती है।
किसी अमीर के फ्लैट में
कोई अवयस्क बालिका
अपनी नाजुक उँगलियों से
जब ढेर सारे बर्तनें माँजती है,
तब मेरी कविता बनती है।
चौक-चौराहे से गुजरती
किसी युवती की कोमल
देह पर
मानवगिद्ध की
जब असहनीय चोंच पड़ती है,
तब मेरी कविता बनती है।
दहेज की बलिवेदी पर कुर्बान
किसी तरूणी की देह
चिता के ढेर पर
जब धू... धू... कर जलती है,
तब मेरी कविता बनती है।
झोपड़ीनुमा घर में
किसी गरीब औरत की
प्रसव पीड़ा की चीख
जब मेरे कानों में पड़ती है,
तब मेरी कविता बनती है।
उम्र के चौथेपन पर
बेटे की विषैली वाणी सुन
किसी विधवा माँ की वेदना
जब टुकड़ों में बटती है,
तब मेरी कविता बनती है।




टीकेश्वर सिन्हा
''गब्दीवाला''

## राशिफल




**मेष**
आज किसी खास काम में आपको फायदा होगा। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होगा। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के आपसी तालमेल से परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। घर में रिश्तेदारों का आगमन भी हो सकता है।




**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। अति आत्मविश्वास और जल्दबाजी की वजह से आप अपना नुकसान कर बैठते हैं। अपने इन गुणों का सकारात्मक रूप में प्रयोग करें, तो आपको अवश्य ही उचित परिणाम हासिल हो सकते हैं।




**मिथुन**
आज पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आज घर-परिवार तथा संबंधियों के साथ खुशनुमा समय व्यतीत होगा। आपका बोलचाल का लहजा दूसरों को प्रभावित कर देता है। आर्थिक तथा व्यवसायिक मामलों में सफलता प्राप्त करने में भी सक्षम रहेंगे।



**कर्क**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। गणेश जी की कृपा से नए अवसर मिल सकते हैं। आज पिछले कुछ समय से चल रही थकान भरी दिनचर्या से राहत मिलेगी।




**सिंह**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। किसी व्यक्तिगत समस्या का असर आपकी नींद और सुकून पर पड़ेगा। इसलिए तनाव लेने की वजह समाधान ढूंढे। सरकारी मामला सुलझाने का उचित समय है।



**कन्या**
:आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। गणेश जी की कृपा आप पर बनी रहेगी। किसी पर भरोसा न रखें और खुद के फैसलों को ही सबसे उपर रखें। अपने बजट से ज्यादा खर्च करने से आर्थिक समस्या रहेगी।




**तुला**
आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। कुछ विशिष्ट लोगों से संपर्क बनेंगे तथा आपकी विचार शैली में भी उचित परिवर्तन आएगा। अपने कार्यों के प्रति जागरूक रखना और एकाग्रता रखना आपकी आर्थिक स्थिति को भी सुधरेगा।




**वृश्चिक**
आज ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। आज आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल करने की कोशिश करना चाहिए। अपनी दैनिक गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से निपटाने से आप अपने कार्यों के लिए भी समय निकाल लेंगे।




**धनु**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे 7 बेहतर होगा कि आज किसी के साथ भी वाद-विवाद तथा बहस जैसे मामले में ना उलझे। नकारात्मक विचारों को अपने अंदर स्थान ना दें। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे।



**मकर**
आज आपका दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम हासिल हो सकते हैं। आज संबंधों के बीच चल रहे गिले-शिकवे दूर होंगे। किसी शुभचिंतक का आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं आपके लिए वरदान साबित होगी।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिवार वालों के साथ हंसी खुशी के पल बितायेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। आज आप नजदीकी मित्रों व संबंधियों के साथ संबंधों को मधुर बनाकर रखेंगे। कोई भी दिक्कत आने पर घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह लेना उचित रहेगा।



**मीन**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपनी सोच और व्यवहार को संतुलित रखने की जरूरत है। आपका दाम्पत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। आज दिन कुछ मिले-जुले प्रभाव वाला रहेगा। परंतु फिर भी आप किसी मुश्किल काम को अपने परिश्रम द्वारा हासिल करने में सक्षम रहेंगे।

# नगर पंचायत गंडई में कर्मचारी राज, समय पर नहीं रहते कर्मचारी उपस्थित




0 लोग अपनी समस्याओं को लेकर आते है लेकिन खाली हाथ चले जाते है
0 नियमित, प्लेसमेंट और स्वच्छता कमांडो सभी कर्मचारियों का यही रोना
0 निकाय अध्यक्ष चेतन देवांगन ने जताई जमकर नाराजगी

गंडई/पंडरिया(दावा)। स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय में आए दिन समय-समय सन्नाटा पसरा रहा, इस कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारी अक्सर नदारत रहते है। इस वजह से अपने कार्यों के सिलसिले में नगर पंचायत कार्यालय में आने वाले लोगों को निराशा का सामना करना पड़ता है। यहां आने वाले लोग कार्यालय का पूरा चक्कर काटने के बाद वापस लौट जाते हैं। नगर पंचायत के अधिकतर शाखाओं में ताला लटके मिले, जो शाखा खुले थे वहां खाली कुर्सियाँ कर्मचारियों की मनमर्जी बयां कर रही थी, जिस दिन अधिकारी का जिला और संभाग सहित अन्य प्रशासनिक जगह में मीटिंग रहता है तो उस दिन कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले रहती है। कर्मचारियों के नदारत रहने से कार्यालय के बाहर भी सन्नाटा पसरा रहता है। कर्मचारियों की लेटलतीफी और नदारत रहने से समय पर काम नहीं हो रहे, जिससे जनता परेशान है। सरकार द्वारा भले ही पारदर्शी एवं जवाब देही प्रशासन की बात की जाती हो लेकिन सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकतर कर्मचारी अपने कार्यों के प्रति सजग नही है। सरकार के द्वारा भले ही सरकारी कार्यालयों में खुलने एवं बंद का टाइम टेबल निर्धारित किया गया हो लेकिन अधिकतर कर्मचारियों के आने जाने का टाइम टेबल नही रहता। कर्मचारी लंच के बाद समय सीमा में नही बल्कि अपनी मर्जी से ऑफिस पहुंचते है।

पीड़ित वार्डवासी अगरमन दास बघेल वार्ड 09 का कहना है की एनओसी संबंधी आवेदन देने के लिए मैं नगर पंचायत के आवक जावक शाखा में एक घंटे तक इंतजार करता रहा लेकिन कर्मचारी नहीं आए अंत में मैं निराश होकर घर चला गया।

> चेतन देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत गंडई का कहना है की मैं जब भी ऑफिस पहुंचता हूँ, तो कर्मचारी अक्सर नदारद रहते है, इस संबंध में सीएमओ वर्मा साहब को कार्यवाही के लिए कहा गया।

> सीएमओ हेमंत वर्मा का कहना है कि मैं अभी मीटिंग में हूँ, बाद में लगाता हूँ कहकर चुप्पी साध ली।

# भाजपा के पुरोधा पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती दिवस पर मंदिर मस्जिद में चला स्वच्छता अभियान



छुईखदान (दावा)। आज जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा केसीजी के तत्वाधान में समाज के सभी वर्गों, समाजसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर राष्ट्रवाद एकात्म मानववाद अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती दिवस पर छुईखदान मस्जिद परिसर एवं जगन्नाथ मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान करते हुए एकता एवं भाईचारे के साथ भारत को विश्व गुरु के बनाने में संपूर्ण मानव समाज मिलकर योगदान दे और हर समाज हर वर्ग का अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे ताकि उपाधाय जी का अंत्योदय का सपना पूर्ण रूप से साकार हो इस संदेश को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। पुरोधा को किया नमन स्वक्छता अभियान के पश्चात श्रद्धेय उपाध्याय जी के चलचित्र पर सभी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धावंदन करते हुए सभी उपस्थित मुस्लिम समाज गणमान्य जनों, युवाओं, योग समिति, जगन्नाथ समिति, प्रेरणा संस्था, अल्प संख्यक मोर्चा परिवार के सदस्यों द्वारा आदर शब्दांजलि अर्पित करते हुए देश और मानव समाज के लिए उनके कृत्यों और योगदान को नमन किया। पूरा कार्यक्रम बहुत ही गरिमापूर्ण माहौल में पूरा हुआ।

कार्यक्रम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवनीत जैन के नेतृत्व में हुआ जिसमे मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश मंत्री अल्प संख्यक मोर्चा रफीक खान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मेहताब खान महामंत्री अजय छाजेड़ अय्यूब सोलंकी मंत्री शेख निजामुद्दीन मोर्चा मंडल अध्यक्ष महावीर जैन धर्मेंद्र शांखला, पार्षद इमरान खान पन्ना मंडावी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण गुप्ता, दिलीप वैष्णव, समाजसेवी अशोक चंद्राकर मोहन जघेल संजय महोबिया मानिक श्रीवास प्रेम श्रीवास सहित बड़ी संख्या में नगर व वार्ड के लोग शामिल हुए। मुस्लिम समाज के युवाओं ने महती भूमिका अदा की मुस्लिम समाज के सेवाभावी युवाओं इब्राहिम खान आसिफ खान सिबान खान, शेख सिराज, आदिल खान असरार खान, अफसर खान आरिफ खान ने पूरे कार्यक्रम में महती भूमिका अदा करते हुए सभी स्वच्छता करने वाले श्रमवीरों को चलते कार्यक्रम में पानी एवं चाय पिला सभी की हौसला अफजाई कर कार्यक्रम में और मिठास घोल दी।

## पहला कॉलम...

### ग्राम सिंघोला के अटल समरसता भवन में मां भानेश्वरी मिनी गार्डन की बैठक आयोजित



हरदी (दावा)। ग्राम सिंघोला के अटल समरसता भवन में मां भानेश्वरी मिनी गार्डन की बैठक में समस्त सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चेतन ठाकुर, उपाध्याय लक्ष्मण सिंह, सचिव ढालसिंग साबला, संरक्षक कुबेर सिंह बघेल इनको गुलाल टीका लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। सदस्यगण मोनेश्वर साहू, राहूल यादव, भूपेन्द्र बघेल, हेमन्त(पिन्टु) ठाकुर, पंकज धनकर, संतोष लहरे, चन्द्रकांत (बन्टी) ठाकुर, लकक्की साहू, मोरध्वज बघेल, राहूल ठाकुर, खुमान कोसरे उपस्थित थे और सहसचिव, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष सलाहकार पदों के लिए आगामी मिटिंग में चयन किया जायेगा।

### भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का किया गया आगाज

**न्याय यात्रा में शामिल होने महामंत्री चुम्मन साहू हुए रवाना**



छुरिया (दावा)। राज्य सरकार के खिलाफ राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के तर्ज पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में न्याय यात्रा का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निर्देशानुसार अनुसार 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गिरौधपुरी से रायपुर तक न्याय यात्रा जारी रहेगा। आदेश में यात्रा का मुख्य उद्देश्य बलौदा बाजार में हुए आगजनी प्रकरण में निर्दोष कार्यकर्ता व सतनामी समाज के लोगों तथा कवर्धा जिले के लोहारीडीह में घटित हृदय विदारक घटना से साहू समाज के तीन बेटों की हुई निर्मम हत्या सहित प्रदेश में फैली अराजकता को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा न्याय यात्रा आयोजित किया गया है। जिसमें जिला महामंत्री चुम्मन साहू इस यात्रा में शामिल होने रवाना हो गए हैं। मिली जानकारी अनुसार खुज्जी विधानसभा से केवल इस यात्रा के शुभारंभ में जिला महामंत्री चुम्मन साहू ने भाग लिया है। यह यात्रा में कानून व्यवस्था व बढ़ते अपराध व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आमजनता को न्याय दिलाने न्याय यात्रा का आगाज किया गया है।

### पटवारी हेमंत ठाकुर निलंबित

मोहला (दावा)। ग्राम मुरारटोला, पटवारी हल्का नंबर 04 के तत्कालिक पटवारी हेमंत ठाकुर को अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय औंधी तहसील कार्यालय निर्धारित किया गया है। उक्त कार्यवाही आवेदक बृजभूषण देशमुख, निवासी ग्राम मोहला ने संजय मिश्रा द्वारा आवेदक की ग्राम मुरारटोला, पटवारी हल्का नंबर 04 में स्थित 15 एकड़ भूमि का फर्जी तरीके से बिक्री करने तथा सरकारी राजस्व पोर्टल में छेड़खानी कर नाम परिवर्तन किये जाने के संबंध में जांच किये जाने की मांग किये जाने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मोहला, तहसीलदार मोहला एवं अंबागढ़ चौकी द्वारा संयुक्त जांच किया गया है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम मुरारटोला, पटवारी हल्का नंबर 04 की भूमि को फर्जी तरीके से दस्तावेज कूटरचित कर विक्रय किये जाने एवं राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ किये जाने में प्रथम दृष्टया संलिप्ता पाई गई है। उक्त कृत्य में तात्कालिक पटवारी हेमंत ठाकुर की भूमिका संलिप्तता पाये जाने पर कार्यवाही की गई है।

### ग्राम कोदवा में चिल्हीडार महापूजा एवं बेटा जोतिया महाव्रत मनाया गया



गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर के नजदीकी ग्राम ग्राम कोदवा में गोंडवाना सगा समाज छत्तीसगढ़ के तत्वाधान 25 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय चिल्हीडार महापुजा एवं बेटा जोतिया महाव्रत का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिले से लगभग आठ हजार की संख्या में गोंडवाना सगा समाज के लोग शामिल हुए।

इस कार्यक्रम मे जिला केसीजी, दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, बेमेतरा, बलौदाबाजार सहित राज्य के अन्य जिलों से पधारे माताओं ने अन्न जल ग्रहण किए बिना 24 घंटे निर्जला व्रत धारण करके रखा। चिल्हीडार स्थित माता कलि कंकाली की विधि-विधान से सभी ने पूजा पाठ किया गया। ऐसा मानना है कि माता कलि कंकाली गोंडी समाज की प्रमुख देवी है जिसके आराधना से दुख, संकट टल जाते हैं। अष्टमी तिथी को पूजा करने से संतान व संतान को दीर्घायु प्राप्त होती है, इसीलिए मातायें बेटा जोतिया व्रत धारण करती हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गंडई के राजा लाल टारकेश्वर शाह खुसरो रहे। व्रत एवं पूजन कार्यक्रम शाम 4 बजे से पूर्ण रात्रिकालीन तक चलती रही।

# प्रधानपाठक ने सम्मान की राशि स्कूल में की दान



शाला एवं बच्चों के विकास में आएगा काम

जोंधरा (दावा)। विगत दिनों जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान कार्यक्रम मोहला में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ के प्रधान पाठक योगेंद्र कुमार देवांगन को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण अंतर्गत शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया था जिसके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान पाठक योगेंद्र कुमार देवांगन ने सम्मान में प्राप्त 5000 रु को शाला एवं बच्चों के विकास के लिए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति को समर्पित कर एक नई दिशा देने का प्रयास किया।

उल्लेखनीय है कि प्रधान पाठक योगेंद्र देवांगन नियुक्ति के समय से ही शाला के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील रहे हैं । शाला की दर्ज संख्या 30 से कम होने के कारण सरकारी फंडिंग से ही शाला एवं बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाएं जुटा पाना असंभव है । उन्होंने जन सहयोग से ही शाला में मूलभूत सुविधाओं के विकास को निरंतर प्रयत्न किया है । प्रधान पाठक योगेंद्र देवांगन की सोच है कि वनांचल के बच्चों को सारी सुविधाएं मिले इसके लिए स्वयं व सहयोगी शिक्षक ने मिलकर स्वयं के व्यय पर अलमारी खरीद कर शाला प्रबंध समिति ग्राम वासियों को प्रेरित किया फ्ल स्वरुप सिरलगढ़ विकासखंड का पहला स्कूल बना जहां जन सहयोग से ही सभी कक्षाओं में ग्रीन व्हाइट बोर्ड लगा है। अब जनसहयोग से सिरलगढ़ स्कूल की तस्वीर बदलने लगी है।

उन्होंने बताया कि संकुल स्तरीय शिक्षक दिवस एवं सम्मान समारोह शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में दिनांक 09 सितंबर को आयोजित हुआ। जिसमें संकुल के सभी शिक्षकों की उपस्थित रही। शाला प्रबंध समिति व ग्रामवासियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों का शॉल श्रीफल एवं पेन भेटकर सम्मान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोर कुमार जुरेसिया सरपंच ग्राम पंचायत बूटाकसा ने कहा कि शिक्षक एक ऐसा मानव है जो अपने शिष्यों को शिखर तक ले जाने का निरंतर प्रयास करते हैं । प्रधान पाठक योगेंद्र देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों व समस्त ग्रामवासियो ने जो सम्मान दिया है वह हमें अपनी जिम्मेदारियां को बढ़ाने का काम करती है । हम और अधिक ऊर्जा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास कर अपने लक्ष्य में सफ्ल होंगे । संकुल प्राचार्य जितेंद्र साव ने कहा कि शिक्षा से ही अच्छे -बुरे, हित - अहित का पता चलता है, शिक्षा के जरिए ही व्यक्ति की व्यक्तित्व का विकास होता है । नीलकंठ कोमरे ने कहा कि शिक्षा हमें वह पँख देती है जो हमको ऊंचाइयों तक उड़ने की क्षमता देता है। विदित हो कि इस वर्ष जिला स्तरीय कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ के प्रधान पाठक योगेंद्र कुमार देवांगन को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण अंतर्गत शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जिसके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में देवांगन ने सम्मान में प्राप्त 5000 रु. को शाला एवं बच्चों के विकास के लिए शाला प्रबंधन एवं विकास समिति को समर्पित कर समाज को पुनः एक नई दिशा देने का प्रयास किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में सरपंच किशोर कुमार जुरेसिया, संकुल प्राचार्य जितेंद्र साव, संकुल समन्वयक लेखराम ठाकुर, नीलकंठ कोमरे, भास्कर ठाकुर, कुलदीप कुर्रे, दीपक कुंभज, अध्यक्ष सालिक राम कोरेटी, उपाध्यक्ष पीताम्बर चंद्रवंशी, योगेश चंद्रवंशी, बिसरुराम चंद्रवंशी, चंद्र कुमार सिन्हा, चतुर सिंह जुरेसिया, पन्नालाल सहित पालक व अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

# आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2024 का किया गया भव्य स्वागत




○ छात्रों को कौशल विकास के बारे में दी गई जानकारी
○ नई शिक्षा नीति से विद्यार्थी हुए रूबरू

डोंगरगांव (दावा)। कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत देश के प्रतिष्ठित सामाजिक उद्यम आइसेक्ट द्वारा छात्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने एवं कैरियर काउंसलिंग के उद्देश्य से आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2024 का आज भव्य स्वागत आज डोंगरगांव में किया गया। यात्रा की शुरुआत 24 सितम्बर को राजनांदगांव के आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र से की गई है। इस मौके पर सोनी कंप्यूटर के बच्चों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। यह यात्रा प्रधानमंत्री कौशल केंद्र से शुरू होकर राजनांदगांव के स्कूल व केन्द्रों से होकर आज डोंगरगांव पहुंची और डोंगरगांव के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भी विषय विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताया गया और कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया. रोजगार की तलाश कर रहे बच्चों को रोजगार मंत्र वेबसाइट के लाभ भी बताए गए। इस कौशल यात्रा में मुख्य रूप से क्षेत्रीय प्रबंधक रुपेश देवांगन, रोजगार समन्वयक राहुल रामटेके और मोबिलाइजर ओमप्रकाश कामड़े शामिल हुए जिन्होंने कौशल विकास यात्रा का प्रतिनिधित्व किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य ने अपने उद्बोधन मे कहा कि आज सभी स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ साथ स्किल होना जरूरी है, नई शिक्षा नीति में भी स्किल को फोकस किया गया है। प्रोफेसर चेतन साहू ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन और विषय पर फोकस करने पर बल दिया, इस अवसर पर सोनी कंप्यूटर से संचालक गिरीश सोनी ने छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया और शासन प्रशासन के कौशल योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हुई मैराथन बैठक



डोंगरगांव (दावा)। नगर के जनपद सभागृह में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर 25 सितम्बर को खण्ड स्तरीय समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों/ कर्मचारियों की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रमुख रूप से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नेतराम नवरतन, डीडीओ अखिलेश चोपड़ा एवं जिले के समस्त नोडल प्रभारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक चले इस मैराथन बैठक में बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधायें, एम्बुलेंस, ऑक्सीजन, जनरेटर की क्रियाशीलता के साथ समस्त आवश्यक औषधियों का भण्डारण व सूचना तंत्र को प्रभारी एवं मुख्यालय निवास का निर्देश दिया गया. साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के समस्त बिन्दुओं की लक्ष्यवार भौतिक उपलब्धि की समीक्षा की गई, जिसमें शत प्रतिशत सिकलसेल जॉच, आयुष्मान कार्ड, स्कूल एवं छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण, ए. एन. सी.पंजीयन, समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में क्रियाशील संस्थागत प्रसव बलगम जॉच, संघन कुष्ठ जॉच, आभा पंजीयन, एनसीडी, आयुष्मान मेला, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं आयुष्मान पखवाड़ा इत्यादि पर आवश्यक कार्ययोजना बनाकर सभी संबन्धितों को निदेर्शित किया गया। इस सभी कार्यक्रमों के उपलब्धि की पुनः समीक्षा बैठक आगामी माह में लिया जावेगा, उक्त समीक्षा बैठक में समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं से बीएमओ, बीईटीओ, बीपीएम, आरएमए, बीडीएम, बीएएम सेक्टर पर्यवेक्षक, लैब टेक्निशयन, फार्मासिस्ट, सीएचओ, आरएचओ, जेएसए एवं मितानिन संयोजक इत्यादि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 प्रेक्षक के समन्वय हेतु लॉयजन अधिकारी नियुक्त



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) चंद्रकांत वर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिका एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षित करने हेतु, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई जिले के लिए नामनिर्दिष्ट प्रेक्षक अपर कलेक्टर सुश्री इंदिरा देवहारी की व्यवस्था एवं समन्वय हेतु सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग खैरागढ़-छुईखदान-गंडई गणेश राम वर्मा को लॉयजन अधिकारी नियुक्त किया है। लॉयजन अधिकारी गणेश राम वर्मा का मोबाईल नंबर 8839266971 है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई



डोंगरगढ़(दावा)। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे के कार्यालय में भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। सर्वप्रथम वरिष्ठ भाजपा नेता कुलवंत सिंह कक्कड़ ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम पर शुभारंभ किया। नेताओं ने दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे बीजेपी जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मांगे तुलसी मिश्रा, प्रकाश बिंदल, विनीत यादव, मधुसूदन अग्रवाल, परविंदर सिंह मोंटी, प्रिंस कक्कड़, अमित छावड़ा, संतु राव, अखिलेश सिंह गढ़वाल, वीरेंद्र साहू, सुमित मिश्रा, श्यामू नरेड़ी, अजय शर्मा, रामकुमार, बलविंदर सिंह, गिरीश साहू, सावन टेंबुरकर, मयंक डोंगरे, वीरेंद्र सोनी, वीरेंद्र साहू, शुभम परिहार, आदित्य मिश्रा, अमन जनबंधु, रामकुमार, सुरेश मरकाम, लेखराज सोनी, डिंपी महापात्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर पंडित दीनदयाल को याद किया।

# गंडई महाविद्यालय ने मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

गंडई/पंडरिया (दावा)। स्थानीय स्व. देवीप्रसाद चौबे शा. महाविद्यालय गंडई में विगत 24 सितंबर मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार अमिला के नेतृत्व में महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एन एस वर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, कार्य, लक्ष्य, उपयोगिता, एवं महत्व पर गहराई से प्रकाश डाला, साथ ही साथ विगत वर्ष के बी प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। तत्पश्चात स्वच्छता ही सेवा है के तहत महाविद्यालय परिसर के प्रांगण की साफ सफाई की गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापक टी एल वर्मा, गावस्कर कौशिक, बी आर वर्मा, क्रीड़ाधिकारी अनीता पौशार्य, गौरव जैन, एवं अन्य अध्यापक ने भी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस की बधाई देते हुए समाज सेवा के द्वारा व्यक्तित्व निर्माण के लिए राष्टीय सेवा योजना में जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रामावतार साहू, थानेश्वर साहू, राधिका यादव, निकेश बंजारे, हेमलता, किरण आदि ने कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 26 सितंबर को आईक्यूएसी, रेड रिबन क्लब, रेडक्रास, एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में सरोज राजेकर पर्यवेक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ एवं हितेश कोसले सलाहकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ उपस्थित थे।

वक्ताओं द्वारा तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान और उसके बचाव के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई।कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं हेतु तंबाकु मुक्त भारत-तंबाकु मुक्त युवा विषय पर क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती, सहा.प्राध्या. डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डॉ. आशा चौधरी, गुलशन सिन्हा, एच.आर. पदमें, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग ने बिजली बंद वाले फरमान पर लगायी रोक

**राजनांदगांव(दावा)। वीआईपी शहर माने जाने वाले राजनांदगांव में विद्युत विभाग द्वारा मंगलवार से फिर से 6 -6 घंटे के लिए बिजली गुल किए जाने का फरमान जारी किया गया था, किंतु इस पर रोक लग गई है। इसकी एक वजह मेंटनेंस के लिए विद्युत कर्मचारियों का न होना व रविवार को पूरे जिले भर में 6-6 घंटे के लिए की गई बिजली गुल के चलते ड्यूटी रत कर्मचारियों कि पस्त पड़ना बताया जाता है।**

बता दें कि रविवार 22 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम के 5 साढ़े 5 बजे तक रही मेगा बिजली गुल से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इतने ज्यादा समय तक विद्युत अवरोध बने रहने से लोगो की न केवल दिनचर्या प्रभावित हुई, क्वांर मास के भीषण उमस व चिपचिपी गर्मी में पसीने से तर-बतर होकर दिन भर हलाकान-परेशान हुए। विद्युत अवरोध के चलते लोगों को पेयजल समस्या से भी जूझनी पड़ी। कुल मिलाकर देखा जाय तो उस दिन के 6-6 घंटे की बिजली गुल ने सबको नानी याद दिला दी थी।

बताते चलें कि उर्जा सचिव एवं छत्तीसगढ़ पावर कंपनीज के अध्यक्ष पी. दयानंद द्वारा बिजली विभाग के मैदानी अमले को त्वरित गति से उपभोक्ताओं की समस्यायों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। वहीं उन्होंने विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी होने पर अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय होने की बात कही गई थी। इसके बाद से अधिकारियों के कान खड़े हुए । और फटाफट मेंटनेंस के नाम पर तो कभी सुधार के नाम पर बिजली बंद किए जाने का काम जारी कर दिया गया था। इस तरह के मेगा बिजली गुल से बेजार लोगों का कहना पड़ रहा था कि सीएसपीडीसीएल जनता के धैर्य की कहीं कड़ी परीक्षा तो नहीं ले रहा? लिहाजा जिस तरह से यहां अफसर बिजली का बुरा हाल बनाकर रखें है उससे जनता में भयंकर आक्रोश पनप रहा है और किसी भी दिन बहुत बड़ा आंदोलन हो सकता है।

बता दें कि रविवार को 5 घंटे से ज्यादा समय तक बिजली बंद रखे जाने के तीसरे ही दिन मंगलवार से अब 8 दिनों के लिए पूरे शहर में मेंटेनेंस के नाम पर अलग-अलग हर दिन 6-6 घंटे बिजली बंद रखे जाने का फरमान जारी किया गया था। इससे जनता के सिर पर फिर से 6- 6 घंटे के लिए बिजली गुल की तलवार लटकी हुई थी। यह अच्छा हुआ कि उक्त निर्णय को स्थगित किया गया नहीं तो बिजली विभाग की ईंट से ईंट बजाने के लिए जनता तैयार खड़ी थी। लोगों का तो यहां तक कहना है कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बैठी है सरप्लस बिजली उत्पादन वाले प्रदेश में आए दिन की बिजली कटौती मेंटनेंस के नाम पर विद्युत प्रवाह को कई - कई घंटे के लिए रोक दिया जाना नियति बन गई थी। लोग तो यहां तक कहने लगे थे कि विपक्षी दल के एक खास आदमी विभाग के पद विशेष पर विराजमान हैं। जनता को सरकार के खिलाफ भड़काने के लिए यह षड़यंत्र किया जा रहा है। यही वजह है कि बिजली बंद से जनता को हो रही परेशानी के बाद भी विपक्षी दल आंखें मूंदे बैठे हुए है।



**मेंटनेंस के लिए आदमी नहीं, मजबूरी में स्थगित करनी पड़ी बिजली बंद**

बता दें कि सीएसपीडीसीएल ने रविवार छुट्टी के दिन पूरे शहर और जिले के अधिकांश इलाकों में 5 घंटे बिजली बंद रखी थी। सुबह 11 से लेकर शाम के 4 बजे तक बिजली नहीं आई और इसके बाद जब बिजली आई भी तो शहर के अधिकांश इलाकों में रात भर बिजली का आना-जाना लगा रहा। आज भी दोपहर में कई इलाकों में बिजली आती जाती रही। इधर लोगों को पता लगा कि दीवाली पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर विद्युत मंडल फिर 6 घंटे बिजली बंद रखने वाला है। कल 24 सितंबर मंगलवार से शहर के अलग-अलग हिस्सों में कुल आठ दिनों तक 66 घंटे बिजली बंद रखकर मेंटेनेंस का काम किया जाना है, अलग-अलग क्षेत्रों में रोज सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद की जानी है। इसकी अवधि बढ़ने के भी समाचार थे। इससे लोगों की उग्रता बढ़ रही थी। गनीमत है कि उपरोक्त परिस्थितियों के चलते बिजली बंद के निर्णय को स्थगित किया गया। नहीं तो जनता अपना धैर्य खो कर कुछ भी कदम उठा सकती थी।

लोगों का कहना है कि जब रविवार को पूरे शहर की बिजली 5 घंटे बंद रखी गई थी क्या तब उसी दिन यह मेंटेनेंस का काम पूरा नहीं हो पाया था? अगर सीएसपीडीसीएल के अधिकारी जरा भी गंभीर होते और अपनी जिम्मेदारी समझते तथा उन्हें जनता को परेशानियों का ध्यान रहता तो रविवार के दिन ही पूरे शहर में मेंटेनेंस का काम हो सकता था। इसके बाद फिर से मंगलवार से हर दिन 6-6 घंटे बिजली बंद रखी जाने की सोची गई तो रविवार के दिन को हुई लोगों को परेशानी न बिजली विभाग के प्रति लोगों के बढ़ते जा रहे आक्रोश को भी निश्चित ही ध्यान रखा गया होगा। यही वजह है कि विभिन्न इलाकों में फिर से की जाने वाली बिजली बंद को स्थगित किया गया।बताते चलें कि इस समय पितृपक्ष के कारण लोगों के घरों में पूजा पाठ का दौर जारी है। मौसम भी इस कदर खराब है कि उमस के कारण बिना एसी पंखे के पांच मिनट बैठना भी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में 6-6 घंटे लाइट बंद रखना सजा से कम नहीं है। बहरहाल विद्युत विभाग वालों को जनता की परेशानी ध्यान में तो आई और 6- 6 घंटे की बिजली बंद के फरमान को वापिस लिया। नहीं तो जनता के आक्रोश का उन्हें सामना करना पड़ सकता था।

## समूह की महिलाओं द्वारा वस्तुओं तथा खाद्य सामग्री के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) अंतर्गत जिले में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित दैनिक उपभोग की वस्तुओं तथा खाद्य सामग्री का ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित दैनिक उपभोग की वस्तुओं तथा खाद्य सामग्री का ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के संबंध में चर्चा की और आवश्यक सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू उपस्थित थी। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) अंतर्गत जिले में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के दैनिक उपभोग की वस्तुओं तथा खाद्य सामग्री का निर्माण किया जा रहा है। कार्यशाला में जिले अंतर्गत समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को स्थायी रूप से बाजार की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और उत्पादों की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के संबंध में बताया गया।



कार्यशाला में सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा समूह के उत्पादों के संबंध में व्यापारिक संस्थाओं उत्पादों की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के संबंध में सुझाव दिया। कार्यशाला के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं टीएसए प्रतिनिधियों द्वारा महिला स्वसहायता समूहों को सामग्री एवं उत्पाद निर्माण के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन प्रदाय किया गया। कार्यशाला में उपस्थित हुए व्यापारियों को विभिन्न सामग्री की मांग एवं आपूर्ति स्वसहायता समूहों से किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू एवं सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा महिला स्वसहायता समूह सदस्यों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें अधिक से अधिक सामग्री और उत्पादों के निर्माण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला में लगभग 150 प्रतिभागी उपस्थित थे।

कार्यशाला में राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदानर-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले अंतर्गत विकासखण्डों से स्वसहायता समूह की लगभग 80 महिलाओं ने 100 से भी अधिक उत्पादों जैसे अचार, पापड़, बड़ी, मशरूम, अगरबत्ती, मसाला, फिनाईल, डिटर्जेंट पाऊडर, बैग आदि के साथ उपस्थित हुई थी। राजनांदगांव जिले अंतर्गत स्थानीय व्यापारिक संस्थानों, उद्योगों के प्रतिनिधि, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि, संचालक सी-मार्ट राजनांदगांव एवं विंभिन्न विभाग जैसे उद्योग विभाग, खाद्य विभाग के अधिकारी तथा एनआरएलएम अंतर्गत तकनीकी सहयोगी संस्था (टीएसए), टीआरआईएफ, प्रदान, पीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## दिग्विजय में अतिथि व्याख्यान एवं विभागीय परिषद का उद्घाटन

राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य एवं राजनीति विज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान एवं विभागीय राजनीति विज्ञान परिषद का उद्घाटन किया गया। अतिथि व्याख्यान के लिए डॉक्टर अमृतेश शुक्ला सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग शासकीय इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई रहे जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में शक्ति संतुलन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।



उन्होंने बताया कि शक्ति संतुलन अंतरराष्ट्रीय राजनीति का एक मूलभूत सिद्धांत है जिसके अंतर्गत शक्ति का संचय केवल एक ही राष्ट्र या कुछ ही राष्ट्रों तक सीमित ना हो जिससे अंतरराष्ट्रीय असंतुलन की स्थिति पैदा हो जाए, इस हेतु शक्ति को संतुलित आवश्यक है। शक्ति संतुलन से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में स्थिरता आती है यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों की प्रकृति के अनुकूल है तथा इससे छोटे राज्यों की स्वतंत्रता सुरक्षित होती है व साम्राज्यवाद पर अंकुश लगता है। उक्त अवसर पर राजनीति विज्ञान स्नातकोत्तर परिषद का गठन किया गया। परिषद में गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न पदों पर मेधावी छात्रों का मनोनयन किया गया जिसमें उक्त आधार पर एमए तृतीय स्मेस्टर की कु. कोयना श्रीवास को अध्यक्ष, एमए प्रथम स्मेस्टर की कु. टिकेश्वरी देवांगन को उपाध्यक्ष, सहसचिव कु. प्रीति साहू, कोषाध्यक्ष अनमोल पाठक, आयोजन प्रभारी में दामिनी देवांगन, पायल साहू, आयुषी पांडे, रोहन जैन, नीतू महालिंगे, प्रचार प्रसार में दिव्य साहू, चांदनी राजपूत, निलिमा, सोनल, शिक्षा मेश्राम. भूमिका नेताम् शामिल है. उक्त अवसर पर संस्था की प्राचार्य डा अंजना ठाकुर ने कहा कि राजनीति विज्ञान परिषद में शामिल सभी सदस्य वर्ष 2024-25 में होने वाली विभागीय गतिविधियों का संचालन करेंगे तथा अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा पूर्वक करेंगे. इस अवसर पर एम ए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के सभी छात्रों साहित विभाग के प्राध्यापक डॉ. अमिता बक्शी, डॉ. राजकुमार बंजारे, संजय सप्तर्षि, दीपक कुमार उपस्थित रहें।

## हाईस्कूल के एक विद्यार्थी का सवाल - सर, क्या बाइक रैली वालों को हेलमेट नहीं पहनने की छूट है



राजनांदगांव (दावा)। अपने आराध्यों और इष्टों के पोस्टरों के संग बिना हेलमेट की धार्मिक-सामाजिक बाइक रैलियाँ आखिर समाज में क्या असर छोड़ती हैं? बिना हेलमेट के नियम तोड़ती बाइक रैलियों का हिस्सा बनकर कहीं हम अपने ही आराध्यों के द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों की सरेआम खिल्लियाँ तो नहीं उड़ा रहे हैं? हम जरा विचार करें हेलमेट पहने एक ऐसी रैली (बाइक) के हिस्सा हो जाने का जिसमें शामिल लोगों, अनुयायियों के व्यक्तिगत चेहरे की बजाय केवल उनके समाज का चेहरा सामने हो. अपने आराध्यों की तस्वीरों व धर्म ध्वजाओं से आप पहचाने जा रहे हो क्योंकि व्यक्तिगत चेहरे को तो हेलमेट रूपी नागरिक-बोध की जिम्मेदारियों से आपने स्व-प्रेरित होकर ढाक रखा है!

हेलमेट का धारण करना कानूनी बाध्यता कम, अपने भीतर नागरिक-बोध के होने का सन्देश देना अधिक है। सामाजिक जिम्मेदारियों से भरपूर अपने आराध्यों की जीवन-शैली को सार्वजनिक करना अधिक है, योगेश अग्रवाल आठवीं कक्षा के एक विद्यार्थी ने बाइक रैली में शामिल लोगों के फोटो दिखाते हुए मुझसे पूछा- सर ये लोग हेलमेट क्यों नहीं पहने हुए हैं? क्या रैली वालों को हेलमेट नहीं पहनने की छूट है? मैं अनुत्तरित था। बच्चा मुझे और फोटो को बारी-बारी से देख रहा था और मैं यह देख रहा था कि वह बच्चा किसी धर्म, जाति, समाज या सिस्टम पर कोई ताने नहीं कस रहा था बल्कि उसका सवाल बिलकुल सीधा और सपाट था। परन्तु जिज्ञासा से भरे बच्चे के उस सवाल में मुझे, सिविक-सेन्स और रोड-सेन्स से बेपरवाह सामाजिक-धार्मिक प्रदर्शनों पर हरिशंकर परसाई जैसे भेदक व्यंग्य का एहसास हुआ। प्रायः हम देखते हैं कि विभिन्न धर्मों, समाजों के नागरिकों के द्वारा अपने इष्ट और आराध्यों के तैल चित्रों, प्रतिमाओं या पोस्टरों के साथ बाइक रैली भी धूमधाम से निकाली जाती हैं। अन्य कार्यक्रमों और समारोहों की तरह दो-पहिया वाहनों (टू-व्हीलर्स) के साथ निकलने वाली ऐसी रैलियों के भी वीडियो और फोटो को विभिन्न समाचार-पत्रों और सोशल साइट्स में आयोजनों के बाद हम देखते-पड़ते हैं. उसे फारवर्ड और शेयर भी करते हैं. अपने पसंदीदा फुटेज को सेफ भी करते हैं। सचमुच यह हमारे बेहोशी का चरमोत्कर्ष ही तो है कि अपनी खुशियों के अतिरेक में बिना हेलमेट के नियम तोड़ती ऐसी बाइक रैलियों का हिस्सा बनकर अपने ही आराध्यों के द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों की, उनके सामाजिक-बोध व आदर्शों का सरेआम हम ढोल नगाड़ों के संग खिल्लियाँ उड़ा रहे होते हैं पर हम भ्रम, भक्ति व श्रद्धा का पाले रखते हैं।

व्यक्तिगत जीवन शैली और सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ की जीवन शैली में क्या कुछ फर्क नहीं होना चाहिए? जीने के व्यक्तिगत और सामूहिक अंदाज में फर्क होने की अपेक्षा करना क्या नासमझी या अव्यावहारिक है? जरा कल्पना करें उस दृश्य का भी जिसमें अपने इष्ट और आराध्यों के तैल चित्रों, प्रतिमाओं या पोस्टरों के साथ निकली बाइक रैली में शामिल चेहरे हेलमेट से ढके हुए हैं. चेहरों के मेकअप और बालों की स्टाइल को बिगाड़ देने वाले हेलमेट के कारण कोई भी चेहरे पहचाने नहीं जा रहे हैं किन्तु इस रैली में शामिल समाज और उनकी संवैधानिक समझ को राहगीर भीतर तक महसूस कर रहे होंगे। हम जरा विचार करें एक ऐसी रैली (बाइक) के हिस्सा हो जाने का जिसमें शामिल लोगों, अनुयायियों के व्यक्तिगत चेहरे की बजाय केवल उनके समाज का चेहरा सामने हो। अपने आराध्यों की तस्वीरों व धर्म ध्वजाओं से आप पहचाने जा रहे हों क्योंकि व्यक्तिगत चेहरे को तो हेलमेट रूपी नागरिक-बोध की जिम्मेदारियों से आपने स्व-प्रेरित होकर ढाक रखा है! निश्चित रूप से ऐसी धार्मिक या सामाजिक बाइक रैलियां शहर के गिने-चुने रास्तों से होकर, कम समय के लिए और प्रायः बहुत कम स्पीड से निकलती हैं। शहर की जनता और अपने ही समाज के बीच अपनी उपस्थिति व सक्रियता दर्ज करवाना भी हमारा सहायक उद्देश्य होता है, जो गलत नहीं है। तो फिर चेहरे को ढांक देने वाले, बालों की सेटिंग बिगाड़ देने वाले, स्वच्छंद हवा से वंचित कर देने वाले, अव्यवहारिक लगने वाले हेलमेट की वकालत भला क्यों की जा रही है? दरअसल यहाँ हेलमेट का धारण करना कानूनी बाध्यता कम, आम नागरिकों के बीच अपने भीतर नागरिक-बोध के होने का सन्देश देना अधिक है। अपने आराध्यों के उच्च जीवन मूल्यों को, सामाजिक जिम्मेदारियों से भरपूर उनकी जीवन-शैली को सार्वजनिक करना अधिक है. क्योंकि ऐसी बाइक रैलियों में आप और हम व्यक्तिगत मुद्दों के नारे की जगह अपने इष्ट देवों का जयघोष भी कर रहे होते हैं, उनकी स्मृतियों में आयोजित ऐसी रैलियों में हम उनके द्वारा स्थापित सामाजिक और राष्ट्रीय मर्यादाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे होते है।

भविष्य की ऐसी बाइक रैलियों में प्रत्येक नागरिक हेलमेट पहनकर व्यक्तिगत शौक और स्टाइल की तिलांजलि देकर सिविक सेन्स और रोड सेन्स की मिसाल प्रस्तुत कर स्वयं पर गर्व की अनुभूति कर सकते हैं। हेलमेट से ढके चेहरों वाली बाइक रैलियों को कौतूहल के साथ निहारती आम जनता के साथ-साथ उस रैली में शामिल परिवारों के बच्चों पर भी निश्चित रूप से इस अनूठी पहल का दूरगामी और सकारात्मक असर होगा।

अव्यावहारिक और हास्यास्पद लगने वाले हाईस्कूल के उस विद्यार्थी के सवाल का जवाब बन जाने के लिए बाइक रैलियों में हेलमेट पहनने की हमारी पहल शायद समूचे देश में एक नई परंपरा की शुरुआत की नींव बन जाये।

## संस्कार सिटी में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया गया




राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी, ठाकुरटोला में 25 सितम्बर को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टी. कुमार. के मार्गदर्शन में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जला कर किया। इस वर्ष का थीम फार्मासिस्ट मीटिंग ग्लोबल हेल्थ नीड है। जिसमें विश्व में जेनेरिक दवाइयों की उपयोगिता एवं उनके गुणवत्ता और प्रभाव तथा मरीजो को क्लिनिक फार्मासिस्ट द्वारा दवाइयों की उपयोगिता एवं उसके दुष्प्रभाव को उजागर नाटक के माध्यम से किया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मौखिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा इस अवसर पर सभी प्राध्यापक एवं छात्रों ने फार्मेसी ओथ की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. टी. कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुवे उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रथम पेज का शेष

***शाह बोले- अब्दुल्ला और नेहरू ...***

फिर आतंकवाद लाना चाहते हैं। आतंकवाद को हम पाताल तक दफन करके ही हम दम लेंगे। उमर अब्दुल्ला और राहुल कह रहे थे कि हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे। किस मुंह से कह रहे हैं आप? अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार ने 70 साल तक जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को बांध कर रखा। अभी-अभी राहुल गांधी यहां आए थे। उन्होंने कहा कि बाहर के लोग यहां शासन करते हैं, उनका मतलब उप-राज्यपाल से था। राहुल को पता होना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर में सबसे ज्यादा राष्ट्रपति शासन अगर किसी के शासन में रहा तो वो इनकी नानी और पिताजी राजीव गांधी के समय में रहा है।

0 भाजपा 90 में से 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही- भाजपा ने जम्मू-कश्मीर की 90 में से 62 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जम्मू संभाग की सभी 43 सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी कश्मीर में 47 में से 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। बची हुई 28 सीटों पर भाजपा निर्दलीय उम्मीदवारों को समर्थन करेगी।

0 जम्मू-कश्मीर में दूसरे फेज में 57.03 प्रतिशत मतदान- जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 जिलों की 26 विधानसभा सीटों पर बुधवार, 25 सितंबर को मतदान हुआ। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, इन सीटों पर 57.03 प्रतिशत वोटिंग हुई। यह पिछले चुनाव के मुकाबले 3 प्रतिशत कम है। 2014 में इन सीटों पर 60 प्रतिशत मतदान हुआ था। जम्मू-कश्मीर चीफ इलेक्शन ऑफिसर पीके पोल ने बताया कि मतदान प्रतिशत में बदलाव हो सकता है। क्योंकि कुछ पोलिंग बूथ पर शाम 6 बजकर 45 मिनट तक मतदान हुआ। 25.78 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सबसे ज्यादा रियासी में 74.70 प्रतिशत, जबकि श्रीनगर में सबसे कम 29.81प्रतिशत वोट पड़े।

***2 लाख मिसाइलें और रॉकेट...***

हर अगले दिन यह इजरायल के और अंदर हमले कर रहा है। हालांकि, इजरायली एयर डिफेंस के चलते इन हमलों का इजरायल पर बहुत बड़ा असर नहीं पड़ा है। लेकिन एक्सपर्ट का मानना है कि हिजबुल्लाह को कम करके नहीं आंकना चाहिए। हिजबुल्लाह अभी भी इजरायल के लिए एक खतरनाक विरोधी है। चरमपंथी गुट ने अभी तक अपने अधिकांश हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया है। अगर इजरायली सेना लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करती है तो उसके लिए यह गाजा जैसा बिल्कुल नहीं होगा। इजरायली सेना प्रमुख ने हर्जी हलेवी ने बुधवार को संकेत दिया है कि इजरायल लेबनान में जमीनी अभियान शुरू कर सकता है।

0 हिजबुल्लाह ने बढ़ा ली है ताकत- इसके पहले साल 2006 में इजरायली सेना ने लेबनान में घुसकर हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य अभियान चलाया था। उस समय हिजबुल्लाह को भारी नुकसान हुआ था और उसने अपना सारा जोर सैन्य ताकत बढ़ाने पर दिया। इजरायली वायु सेना के पूर्व कमांडर ब्रिगेडियर जनरल (रिटायर्ड) हैमोविट्ज कहते हैं- इन 18 सालों में हिजबुल्लाह लेबनान में पेड़ नहीं लगा रहा था और न ही घर बना रहा था। उन्होंने आगे कहा कि हिजबुल्लाह ने खुद को एक सेना बना लिया है। दुनिया में बहुत सारे निजी सैन्य समूह हैं, लेकिन उनमें से किसी के पास हिजबुल्लाह जैसी सैन्य क्षमता नहीं है। हिजबुल्लाह ने इन वर्षों में अपनी रॉकेट और मिसाइल क्षमता में भारी विस्तार किया है। पिछले साल अक्टूबर में युद्ध शुरू होने से पहले आईडीएफ के आधिकारिक आकलन के अनुसार, हिजबुल्लाह के पास 200,000 से अधिक रॉकेट, मोर्टार और मिसाइलें थीं। 0 हिजबुल्लाह की हथियार क्षमता- सेंटर फॉर स्ट्रैटजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की मार्च की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह के पास वर्तमान में 40-80 हजार की संख्या में कम दूरी के अनगाइडेड रॉकेट हैं, जिनकी रेंज 20 किलोमीटर तक है। 60-80 हजार लंबी दूरी के रॉकेट हैं, जिनकी रेंज 10 किलोमीटर तक है। हिजबुल्लाह के पास बैलिस्टिक मिसाइल भी है। यह समूह को इजरायल के काफी अंदर तक मार करने की क्षमता देता है। हिजबुल्लाह के पास 40,000 बैलिस्टिक मिसाइल है, जिनकी रेंज 160 से 300 किलोमीटर तक है। हिजबुल्लाह के पास सीमित संख्या में (कुछ दर्जन) स्कड मिसाइल भी है, जो 500 किलोमीटर तक मार कर सकती हैं। इसके बाद फतह-100 मिसाइल भी है, जो 500 किलोग्राम का हथियार लेकर 300 किलोमीटर तक सटीक निशाना लगा सकती है।

0 तेल अवीव भी रेंज में- हिजबुल्लाह के हथियार क्षमता को इजरायल यूं ही नहीं नकार सकता है। इजरायल की सबसे घनी आबादी वाल शहर और देश का आर्थिक केंद्र कहा जाने वाला तेल अवीव लेबनान सीमा से 150 किलोमीटर से कम दूरी पर स्थित है। यानी हिजबुल्लाह के हथियार लेबनान की सीमा के अंदर से तेल अवीव को निशाना बना सकते हैं। हिजबुल्लाह के पास ट्रक पर मिसाइल लॉन्चर हैं। उसने मिसाइलों को नागरिकों के घरों में जमा कर रखा है। इसके साथ ही उसका एक सघन सुरंग नेटवर्क है। हिजबुल्लाह का टनल नेटवर्क हमास से बहुत व्यापक है और इसके अंदर मिसाइल से लदे ट्रक चल सकते हैं। कुछ दिन पहले ही उसने एक झलक दुनिया के सामने पेश की थी। ऐसे में इजरायल के लिए हिजबुल्लाह से लड़ाई आसान नहीं होने वाली है।

***राज्यसभा सांसद संजय राउत ...***

इस पूरे मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सभा सांसद संजय को दोषी बताते हुए 15 दिन की सजा सुनाते हुए जुर्माना भी लगाया है। इधर संजय राउत को दोषी ठहराए जाने पर भाजपा नेता किरीट सोमैया ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि संजय राउत को 15 दिनों की सजा सुनाई गई है और उन्हें हिरासत में लिया गया है। उन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्हें यह राशि शिकायतकर्ता डॉ. मेधा सोमैया को देनी होगी।

***महिला किसी भी धर्म की हो,...***

आदेश में परिवर्तन, संशोधन या निरस्त करने की मांग कर सकता है, लेकिन यह तभी संभव है जब उन परिस्थितियों में परिवर्तन हुआ हो। इस मामले में मजिस्ट्रेट तभी निरस्त या संशोधन आदेश दे सकते हैं, जब वह मानते हों कि परिस्थितियों में बदलाव हुआ है और आदेश में संशोधन की आवश्यकता है।

## प्रधानमंत्री आवास मिलने से जब्बार खान के घर में आई खुशहाली

मोहला (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से जब्बार खान के घर में खुशहाली ने दस्तक दी है। उसके चेहरे की चमक और परिवारजनों की चेहरे में मुस्कान झलक रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना उसके परिवार के लिए एक केवल एक घर ही नहीं है, बल्कि उसके सपनों का आशियाना भी है। कच्चे मकान होने से जहां परिवारजनों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वही अब सर्व सुविधायुक्त मकान मिलने से वर्षों का सपना साकार हो सका है। जब्बार खान का कहना है कि उनका एक सपना था कि उनका अपना एक सर्वसुविधा युक्त मकान हो, जिसमें परिवारजन खुशहाली के साथ रहे। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका यह सपना, सपना बनकर रह गया था। प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके सपने को साकार कर दिया है। यह कहानी मानपुर विकासखंड के ग्राम भर्रीटोला की है। जब्बार खान रोजी मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है। उनके लिए सर्व सुविधायुक्त मकान बनाना आसान नहीं था। केवल वह सपना ही देख सकता था कि उनका अपना एक अच्छा मकान हो। अब यह सपना पूर्ण हो चुका है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर दुर्ग सांसद विजय बघेल से मिले अनुकंपा कल्याण संघ



दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ को कब मिलेगी नौकरी ?

राजनंदगांव (दावा)। दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती माधुरी मृगे नेतृत्व में दुर्ग सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर संगठन की महिलाओं ने अविलंब अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की श्री बघेल ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर इस विषय पर आवश्यक चर्चा करेंगे।

जानकारी के मुताबिक विषयांतर्गत उल्लेख है कि गत दिवस 25 सितंबर 2024 को दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ की प्रांत अध्यक्षा श्रीमती माधुरी मृगे के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों माधुरी चंद्रा,गीता साहू ,अरुंधती शर्मा , प्रमोद चौबे , व सदस्य गण दुर्ग सांसद श्री विजय बघेल जी से मुलाकात किए बघेल जी ने संवेदन शीलता पूर्वक आश्वाशन देते हुए जल्द निराकरण की बात कही, तथा मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर अनुकंपा नियुक्ति निराकरण का समर्थन किए। विगत दिनों अनुकम्पा नियुक्ति कल्याण संघ द्वारा एसपी संतोष सिंह व एडीएम श्री पाटले से मुलाकात किए तथा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा माननीय को आवेदन सौपकर लंबित अनुकंपा नियुक्ति का अविलंब तथा योग्यता अनुसार निराकरण की बात रखते हुए आग्रह निवेदन किए सभी ने संवेदन शीलतापूर्वक निश्चित ही जल्द निराकरण का आश्वासन बहनों को दिया। अलग अलग जिलों से आए संघ के सदस्यों कुमुदिनी, संतोषी राठौर, फगनी व अन्य सदस्यों ने सांसद से निवेदन आग्रह करते हुए जल्द निराकरण की बात रखी। प्रदेश अध्यक्षा ने कहा कि भाजपा की सरकार पर पूर्ण विश्वास है इसी विश्वाश के साथ ही विगत चार दिनों पूर्व, मुख्यमंत्री , पंचायत मंत्री , वित्त मंत्री से और साथ ही सभी कैबिनेट मंत्री गण से अनुकंपा संघ पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ निवेदन आग्रह किए और मुख्यमंत्री से निवेदन किए। उपाध्यक्ष माधुरी चंद्रा ने कहा की बच्चो को पालने में कठिनाई हो रही है सरकार से गुहार है कि अनुकंपा नियुक्ति जल्द दे। साथ ही कैबिनेट मंत्री लखन सिंह देवांगन ने भी तीन दिन पहले हमारे हित को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

# पितृपक्ष पर नदी सरोवरों में किया जा रहा पितृ तर्पण



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों क्वांर मास के कृष्ण पक्ष की पहली तिथि 18 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर सर्व पितृ अमावस्या तक पितृ पखवाड़ा चल रहा है। इस दौरान लोग अपने देहावसित पूर्वजों को नदी-सरोवर में जाकर पितृ तर्पण कर रहे हैं। पंडितों की उपस्थिति में श्राद्धकर्म किया जा रहा है। वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच अपने मृत संबंधियों का पिंड दान किया जा रहा है।

गुरूवार 26 सितंबर को मातृ नवमी का पर्व रहा। इस तिथि पर दिवंगत मातृ शक्तियां माता-बहने, दादी, परदादी, नानी, परनानी चाची, भाभी आदि महिलाओं के श्राद्ध कर्म व पितृ तर्पण के विधान है। इसलिए सभी दिवंगत मातृ शक्तियों को मातृ नवमी पर नदी-सरोवरों में जाकर तथा कमर भर पानी में उतर कर हाथ में तिल चांवल फूल जवां आदि रखकर उन्हें जलतर्पण प्रदान किया गया। इस दिन पितरहा घरों में मीठे सुस्वादु व्यंजन बनाए गए और अपने निकटत्तम संबंधियों व ईष्ट-मित्रों को बुलाकर उन्हें भोजन कराया गया। दान-पुण्य के कार्य किए गए। बता दें कि जो लोग अपने दिवंगत पितृ जनों का समयाभाव के कारण दूर नदी-सरोवर नहीं जा पाते उनके लिए गायत्री शक्तिपीठ में पितृ तर्पण एवं श्राद्ध कर्म कि व्यवस्था की गई है। मंदिर के पुरोहितों द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच विधि-विधान के साथ पितृ तर्पण एवं श्राद्ध कर्म कराया जा रहा है।

बताया जाता है कि पूरा पितृ पखवाड़ा अपने दिवंगत पितरों को याद करने का समय है। उनकी आत्मा की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध, पिंड दान और अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। मान्यता यह है कि इस अवधि में पितरो का तर्पण व श्राद्ध कर्म किए जाने से वे अपने परिजनों को उनकी सुख-शांति व खुशहाली, समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। उपरोक्त मान्यता के चलते गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन के नेतृत्व में गायत्री शक्तिपीठ में लोगों के पुर्वजों व दिवंगत जनों के श्राद्ध कर्म के लिए पितृ तर्पण की विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर के पुरोहितों द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच विधि-विधानों के साथ श्राद्ध कर्म संपन्न कराया जा रहा है। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि मंदिर में श्राद्धकर्म व पितृ तर्पण कार्य की पूरी व्यवस्था की गई। पितृ तर्पण में उपयोग आने वाली पूजा सामग्रियों की भी यहां उपलब्धता बनी हुई। उन्होंने बताया कि अपने दिवंगत परिजनों का श्राद्ध कर्म, पितृ तर्पण कराने वाले सज्जन शक्तिपीठ में नंबर 798761465 से संपर्क कर अपना स्थान सुरक्षित करवा रहे हैं। उक्तानुसार शक्तिपीठ में पितरों के श्राद्ध तर्पण की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। यह व्यवस्था सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या तक बनी रहेगी।

# बाजार में 400 रु. किलो बिक रहा फुटू

राजनांदगांव (दावा) बारिश का सीजन अब निकलने ही वाला है। मानसून की बिदाई बेला नजदीक है। ऐसे समय में बादल गर्जन-तर्जन के साथ जमकर बरस रहे है। बादलों के गरजने से वनांचल क्षेत्रों में फूटू फूट रहा है। जिसे लेकर फुटू व्यवसायी बाजार में बेचने ला रहे है।



इन दिनों बाजार के चौक-चौराहों व भीतरी भागों में फूटू बिकते देखा जा सकता है। बाजार में फूटू अभी 400 रूपए किलो के दाम पर बिक रहा है। जिसकी अच्छी ग्राहकी बनी हुई है। महावीर चौक में फूटू बेच रहे वंनाचल क्षेत्र के फूटू व्यवसायी ने बताया कि पिछले समय बारिश होने के बावजूद फूटू नहीं पाया था। इक्के-दूक्के ही जगहों पर फुटू मिलता था इससे इसकी कीमत एक हजार किलो बना हुआ था।अभी पिछले कुछ दिनों में गर्जन-तर्जन के साथ बारिश होने से बड़ी मात्रा में फूटू फुट रहे है। इससे इसके दाम में कभी आई है। फिलहाल बाजार में फुटू 400 रूपए किलो के आसपास जा रहा है। यदि ऐसे ही गर्जन-तर्जन के साथ बारिश होती रही तो ज्यादा फूटू की आवक होने से 200 रूपए किलो तक फूटू बिकने लगेगा। एक हजार किलो की सब्जी बता दे कि फूटू सब्जी जिसे मशरूम भी कहा जाता है जिसे लोग चाव से खाते है। बारिश के दिनों में ही यह मिलता है। इसलिए इसकी कीमत भी ज्यादा रहती है। पिछले दिनों रायपुर के वृंदावन हाल में हुए छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांतीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि पधारे पूर्व संस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल (सांसद-रायपुर) ने कहा कि बाहर के लोगों को छत्तीसगढ़ की विशेषता की जानकारी नहीं है।

# छत्तीसगढ़ी मेगा डांस प्रतियोगिता 1 अक्टूबर को




छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में डांसरों को दी जाएगी वरियता

राजनांदगांव (दावा)। एन माही फिल्म प्रोडक्शन के तत्वावधान में एक अक्टूबर को छत्तीसगढ़ में पहली बार सबसे बड़ी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें चंदा मामा टायटल सॉंग है। डांस प्रतियोगिता में प्रवेश निशुल्क है। डांस में छत्तीसगढ़ी वेशभूषा को महत्व दिया जाएगा। श्रेष्ठ डांस प्रदर्शन पर प्रथम पुरस्कार (2,51,000) दूसरा पुस्कार (201000) तीसरा पुरस्कार (1,51,000), चौथा पुरस्कार (1,00000) पांचवा पुरस्कार (51,000) छठवां पुरस्कार (5,100) दिया जाएगा।

बताया गया है कि उक्त फिल्म प्रोडक्शन का चंदा मामा गाना 25 सितंबर तक पूरा आ जाएगा। प्रोडक्शन वालों द्वारा कहा गया है कि 26 से 27 सितंबर तक उक्त संबंध में इस व्हाट्सएप नंबर पर 7470459934 विडियो बनाकर भेंजे। इसमें भेजने वाले का नाम पता अऔर मोबाईल नंबर होना जरूरी है। बताया गया कि एक ग्रुप में 12 डांसर अनिवार्य है। सभी डांसिंग चंदा मामा के गानो पर ही पुरस्कार देना है। भेजे गए पूरे डांस वीडियो से 21 वीडियो को चयन किया जाएगा और 21 डांस ग्रुप को ही पुरस्कार दिया जाएगा,जिनमे मात्र पांच ग्रुप को चयन किया जाएगा वही विजेता होंगे। उक्त प्रतियोगिता निशुल्क है। खाने- पीने व रहने की सुविधा है। सभी प्रतियोगी अपने-अपने कॉस्ट्यूम स्वय लायेंगे । ड्रेस छत्तीसगढ़ी संस्कृति से संबंधित रहेगा । प्रतियोगी को छत्तीसगढ़ का निवासी होना अनिवार्य है। प्रतियोगी अपना आधार कार्ड साथ में लाए। चयनित गाने सुनकर अपने हिसाब से रीमिक्स बनाकर लाए । पेनड्राइव सुबह 10 बजे तक जमा करना अनिवार्य है । कार्यक्रम दोपहर 12 से प्रारंभ हो जाएगा इसका विशेष ध्यान रहे। कार्यक्रम स्थल बलबीर सिंह इंडोर स्टेडियम बूढा तालाब के सामने रायपुर है। गाने में फिल्म चंदा मामा का होना अनिवार्य है।चंदा मामा टायटल सोंग (बारामासी गीत), मोर मयारू बहनी, बतिया सो-जा सो-जा ते बेटा (लोरी गीत), सुरतिया, फुल सही हंसी तोर, तोर भरोसा (जस गीत), राम-राम गोहरावंव है। मूवी, 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के सभी सिनेमाघरों रिलीज होगी।

# दुर्गा पूजा के साथ शत्‌चण्डी महायज्ञ का आयोजन

**राजनांदगांव (दावा)। शहर के दुर्गा चौक में नवरात्रि पर्व पर जगतजननी मां दुर्गा की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना सहित शत चण्डी महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है। श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति के अध्यक्ष खेमचंद देवांगन, सचिव रीतेश देवांगन, कोषाध्यक्ष द्वय अजय व संजय श्रीवास्त ने बताया कि दुर्गा चौक में नवरात्रि पर्व में स्थापित होने वाले दुर्गोत्सव कार्यक्रम के 75 वर्ष पूरे होने पर समिति द्वारा हीरक जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है।**



नवरात्रि पर्व में दुर्गोत्सव की मनाई जाएगी हीरक जयंती

इस पुनीत अवसर पर क्वार नवरात्रि पर्व मे श्री शक्तिधाम दुर्गा चौक प्रांगण में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना सहित दिनांक 3 अक्टूबर से नौ दिनों तक शत चण्डी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष खेमचन्द ने बताया कि 3 अक्टूबर गुरूवार को समिति द्वारा प्रातः 8 बजे मां दुर्गे की मनोहारी प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। वही 10 बजे से शत् चण्डी महायज्ञ हेतु भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बताया गया कि मां दुर्गा स्थापना स्थल में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से अनुष्ठान पाठ होगा वही दोपहर 3 बजे शतचण्डी महायज्ञ में हवन आहुति प्रदान की जाएगी। नवरात्रि नौ दिनों तक अनवरत रूप से चलने वाले इस आनुष्ठानिक आयोजन की पूर्णाहूति 10 अक्टूबर को महायज्ञ व हवन के साथ होगी वही मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन कार्यक्रम दोपहर 2 बजे होगा। श्री दुर्गा वार्षिकोत्सव समिति द्वारा प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न किए जाएंगे। इन भव्य आयोजन का पुण्य लाभ लेने के लिए सभी धर्मप्रिय लोगों को सादर उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

# बोरतलाव में तंबाकू नियंत्रण एवं दंत परीक्षण का कार्यक्रम संपन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ की टीम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम बोरतलाव में तंबाकू नियंत्रण एवं दंत परीक्षण का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें समस्त बालक बालिकाओं का दंत परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान तंबाकू से होने वाले विभिन्न प्रकार के बीमारी के बारे में जानकारी दिया गया। शिविर में डॉ. रितिका पारख दंत चिकित्सक एवं दंत चिकित्सा सहायक लकेश कुमार वर्मा व ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक किशोरी लाल देवदास, हितेन्द्र कोशरे काउंसलर, बावने सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# ओबीसी सर्वे में जुटे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षिका



डोंगरगढ़(दावा)। सुनिता यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, भारती मैडम शिक्षिका के द्वारा ओबीसी सर्वे किया जा रहा है। डोंगरगढ़ के समस्त वार्डों के घरों में जाकर 53 कालमो में जानकारी एकत्रित की जा रही है।

# हर अंधेरे को ज्ञान से दूर करने वाले शिक्षकों को प्रणाम- संजय अग्रवाल



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न हुआ। शिक्षक दिवस पर महाविद्यालय में शिक्षकों के लिए खेल प्रतियोगिता के साथ-साथ आकर्षक सांस्कृतिक आयोजनों के बीच संपन्न हुआ। शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर संजय अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. रचना पांडे प्राचार्य मौजूद रहे।

प्रो.विजय मानिकपुरी रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि शिक्षक दिवस मतलब शिक्षकों का दिन यही वह दिन है, जब हर जगह विद्यार्थी अपने गुरु के प्रति आदर प्रकट करता है उसे वह सम्मान देता है ,वैसे देखा जाए तो शिक्षक आदर सम्मान प्राप्त करने के लिए किसी दिन का मोहताज नहीं है परंतु एक विशेष दिन होने से वह उस दिन कुछ विशेष सम्मान पाता है और विद्यार्थियों को भी अपने गुरु की महिमा का पता चलता है द्य शिक्षक दिवस 2024 की थीम 'एक सतत भविष्य के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाना' थीम पर केंद्रित है यह थीम पर्यावरण के प्रति जागरूक सामाजिक रूप से जिम्मेदार और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार पीढ़ी को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हर साल शिक्षक दिवस एक अनोखी थीम के साथ मनाया जाता है, जो हमारे समाज में शिक्षकों के विकसित होते प्रभाव को दर्शाता है।

प्राचार्य डॉ.रचना पांडे ने कहा कि शिक्षक दिवस एक ऐसा आयोजन है जिसके लिए छात्र और शिक्षक दोनों समान रूप से तत्पर रहते हैं जहां छात्रों को यह अपने शिक्षकों द्वारा उन्हें उचित शिक्षा देने के प्रयासों को समझने का मौका मिलता है। वही इस दिन शिक्षकों को उनके प्रयासों के लिए छात्रों के साथ अन्य तरीकों से मान्यता और सम्मानित होने का गर्व होता है।

मुख्य अतिथि डायरेक्टर संजय अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत में गुरु शिष्य आदर की परंपरा बहुत पुरानी है एक छात्र के जीवन में एक शिक्षक ही उसका भविष्य निर्माता होता है हमारे देश में एकलव्य और आरुणि जैसे शिष्य भी हुये जिन्होंने अपने गुरु के आदेश मात्र पर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था द्य और जन्म जन्मांतर तक के लिए अपना नाम अमर कर दिया परंतु आज के समय में शिक्षा प्रणाली और गुरुओं की स्थिति में काफी परिवर्तन आया है।

आयोजन के शुभारंभ में सर्वपल्ली राधाकृष्णन ज्ञान की देवी माता सरस्वती को नमन करते हुए दीप प्रचलित किया गया। उपस्थित सभी शिक्षकों का पुष्प माला, तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार दिये गयेद्य छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक आयोजन, खेल प्रतियोगिता, अनुभव कथन आदि गतिविधि की गई, सुंदर भजन भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष प्रीति इंदौरकर ने किया और कहा की एक शिक्षक वह होता है जो अपने शिष्य के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा का काम करता है फिर चाहे वह किसी भी आयु का हो। कार्यक्रम का संचालन दिनेश आमले और राखी गोस्वामी, तेजेंद्र साहू बीएड के विद्यार्थियों में किया। आयोजन में प्राध्यापक राधे लाल देवांगन, धनंजय साहू, आभा प्रजापति, सुधीर मिश्रा, सुमन साहू, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, देवीका देवांगन, पायल देवांगन सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# गृह विज्ञान विभाग में विश्व स्तनपान दिवस पर व्याख्यान आयोजित

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के गृह विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही.रेवती के मार्गदर्शन में विगत दिनों विश्व स्तनपान दिवस पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

व्याख्यान में महाविद्यालय के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती आशा चौधरी एवं भूगोल विभागध्यक्ष एचआर उपस्थित थे। डॉ. आशा चौधरी द्वारा स्तनपान के भावनात्मक महत्व पर प्रकाश डाला। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष नीलम चतुर्वेदानी द्वारा स्तनपान के महत्व एवं लाभ पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

# क्वॉर नवरात्र की तैयारी को लेकर बनाई गई रूपरेखा





कलेक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों व गणमान्यजनों की बैठक

**डोंगरगढ़(दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ धाम स्थिम मां बम्लेश्वरी मंदिर में क्वॉर नवरात्र पर्व की तैयारी को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों व गणमान्य जनों के साथ बैठक की। छीरपानी प्रांगण में आयोजित बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

3 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहे क्वांर नवरात्र पर्व पर विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर में लगने वाले मेले की तैयारीयों से संबंधित सभी विषयों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा आवश्यक निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को देते हुए कहा की मेले में आने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार से असुविधा ना हो उसका ध्यान रखते हुए पार्किंग, पानी, रास्ता, सफ़ाई, स्वास्थ सुविधाओं पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। किसी प्रकार से कोई असामाजिक तत्वों द्वारा दर्शनार्थियों के साथ अप्रिय घटना ना हो इसका विशेष ध्यान देने के लिए पुलिस विभाग को भी तैयारियां करने को कहा गया है।

## विभागों को स्टॉल के माध्यम से तैनात रहने के आदेश

बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को कोई तकलीफ़ ना हो इसका विशेष ध्यान देने सभी विभागों को स्टॉल के माध्यम से तैनात रहने को कहा गया है। संजय अग्रवाल ने रोपवे के मेंटेनेंस को लेकर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति से जानकारी प्राप्त की तथा रोपवे को संचालित करने वाली कंपनी के इंजीनियर को भी आवश्यक निर्देश दिए।

# स्वस्थ नारी-स्वस्थ भारत विषय पर व्याख्यान आयोजित



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 23 सितम्बर को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन व महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. आशा चौधरी के मागदर्शन में महाविद्यालय के पुराने भवन में महिलाओं के लिए सुकन्या केयर की ओर से स्वस्थ नारी-स्वस्थ भारत विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में रायपुर की श्रीमती लक्ष्मी बेदी उपस्थित थी।

श्रीमती लक्ष्मी बेदी द्वारा महाविद्यालय के छात्राओं को महावारी से संबंधित समस्याओं की जानकारी एवं महावारी के समय उपयोग किए जाने वाले विभिन्न साधनों जैसे पैड, पैड के विभिन्न प्रकार, कौन सी पैड उत्तम रहेगी कितने घंटे एक पैड का इस्तेमाल करना चाहिए, महावारी के समय उपयोग किए जाने वाले पैड के अधिक घंटे के उपयोग से निकलने वाले कैंसर कारकों, क्या सावधानियां रखनी चाहिए आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# दिग्विजय में वाणिज्य प्रश्न मंच का आयोजन

राजनांदगांव(दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्य महोदया डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. उके के मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु वाणिज्य प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। जिसमें चार टीमें बनाई गई। कुल 50 प्रश्न पूछे गए जिसमें प्रत्येक प्रश्न 10 नंबर का रखा गया।




निर्धारित टीम द्वारा प्रश्न का उत्तर न दिए जाने की स्थिति में वह प्रश्न अगली टीम को पास किया गया और बोनस स्वरूप 5 अंक प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ. प्रज्ञा मिश्रा द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापकों द्वारा अपने अपने विषय से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए।

इस प्रश्न मंच का मुख्य उद्देश्य खेल मनोरंजन के माध्यम से ज्ञान को बढ़ावा देना और जागरूकता उत्पन्न करना था जिससे कि दिमाग की कसरत हो सके। कार्यक्रम के अंत में परिणाम की घोषणा प्रो.कुमारी पूजा द्वारा और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. स्वयंसिद्धा झा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विजेता टीम ठ रही, जिसमें प्रतिभागी के रूप में चित्रकला, वैशाली यादव ,वरुण, मुकेश (एम.कॉम. पूर्व), यश साहू, तोरण पटेल, कविता रावटे, साधना नेताम, कुलेश्वरी लहरे, सुशीला (एम. कॉम.अंतिम) सम्मिलित रहे। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन की इच्छा व्यक्त की।

# मजहर खान के पोल्ट्री फार्म में ईलायची दाना का निर्माण

## भक्तों द्वारा मां बमलेश्वरी मंदिर में प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है ईलायची दाना, शिकायत पर जांच अधिकारी पहुंचे पोल्ट्री फार्म, जांच हेतु लिया गया सैंपल

डोंगरगढ़ (दावा)। तिरुपति के श्री प्रसाद में मिलावट के बाद खाद्य विभाग भी सतर्क हो गया है। लगातार देश के सभी राज्यों के मंदिरों में वितरण होने वाले प्रसाद की जांच की जा रही है, ऐसे ही छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध माता बम्लेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में भी खाद्य विभाग चौकस होकर जांच पड़ताल में जुटा है। मंदिर परिसर में बेचे जाने वाले प्रसाद की सप्लाई करने वाले की फैक्ट्री में खाद्य विभाग की टीम जांच में पहुँची तो पाया की, डोंगरगढ़ निवासी बल्ला चिकन सेंटर के संचालक के भाई मजहर खान के ग्राम राका स्थित मुर्गी पालन पोल्ट्री फार्म में भक्तों द्वारा प्रसाद के रूप में मां बम्लेश्वरी देवी को चढ़ाए जाने वाले ईलाईची दाना का निर्माण विगत अनेक वर्षों से किया जा रहा है।

ईलाईची दाना प्रसाद बनने वाली फैक्ट्री में गुरुवार की दोपहर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित विभाग की टीम ने दबिश दी। फैक्ट्री में जो पाया गया वह चौकाने वाला है। संचालित फैक्ट्री का पंजीयन नहीं है, साथ ही पैकेजिंग में बड़ी गड़बड़ी दिखी। जिसमें मानक, तिथि, बैच नंबर अंकित नहीं है। हालांकि खाद्य विभाग की टीम ने प्रसाद का सैम्पल जांच के लिए लिया गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि जिले में किस तरह आस्था का केंद्र माता बम्लेश्वरी देवी, माता भवानी जैसे प्रतिष्ठित देवी के मंदिर परिसर में बेचे जाने वाले प्रसाद ईलाईची दाना किन स्थानों से तैयार होता है। इस प्रकार चलने वाली अवैध फैक्ट्री पर शासन क्या कार्यवाही करती है, जांच में आने वाली रिपोर्ट पर निर्भर करेगा।





0 बड़े व्यापारियों के द्वारा फुटकर व्यवसायियों को सप्लाई की जा रही थी इलायची दाना के रूप में पूजा सामग्री

0 मंदिर परिसर क्षेत्र में फुटकर व्यवसायियों द्वारा बेचे जा रहे पूजा सामग्री के गुणवत्ता की जांच होना आवश्यक



### किसी भी फैक्ट्री से ईलाईची दाना की खरीदी नहीं की जाती - मनोज अग्रवाल

ईलायची दाना के अवैध निर्माण और गुणवत्ता के साथ-साथ मंदिर में प्रसादी वितरण के रूप में भक्तों को दिए जाने प्रसाद को लेकर मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा है कि, मंदिर ट्रस्ट द्वारा किसी भी ईलाईची दाना फैक्टरी से ईलाईची दाना की खरीदी नहीं की जाती है और न ही मंदिर प्रशासन द्वारा इसका वितरण किया जाता है। वर्ष भर भक्तों द्वारा चढ़ाये गये नारियल को ही प्रसाद स्वरूप बांटा जाता है और जब नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर परिसर में नारियल फोड़ना प्रतिबंधित होता है तो प्रसाद में मिश्री का वितरण किया जाता है।

### जांच रिपोर्ट में स्पष्ट होगा सामग्री की गुणवत्ता- जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन धुर्वे

इलायची दाना निर्माण स्थल पर जांच के लिए पहुंचे जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डोमेन धुर्वे ने कहा है कि मां बमलेश्वरी मंदिर में भक्तों द्वारा जो प्रसाद इलायची दाना के रूप में चढ़ाया जा रहा है उसके निर्माण के बाद बनने वाले पैकेट में मानक तिथि, बैच नंबर आदि का उल्लेख नहीं किया गया है। किन-किन सामग्रियों को मिलाकर इलायची दाना का निर्माण किया जा रहा है, उसकी जानकारी जांच रिपोर्ट आने के पश्चात ही प्राप्त हो सकेगी। जांच हेतु सैंपल लिया गया है।

### मंदिर परिसर के फुटकर व्यापारियों द्वारा बेचे जा रहे हैं पूजा सामग्री की जांच भी आवश्यक

भक्तजनों के स्वास्थ्य को लेकर भी आमजनों ने चिंता जाहिर की है। क्योंकि मंदिर परिसर पर स्थित सैकड़ों की संख्या में फुटकर व्यापारियों द्वारा पूजा प्रसादी की बिक्री की जाती है। जो शहर के बड़े व्यापारियों द्वारा सप्लाई की जाती है। किंतु आज पर्यंत पूजा सामग्री की जांच खाद्य विभाग द्वारा नहीं की गई जो की आवश्यक है।

# बिजली गिरने से हो रही मौतों को रोकने राजपूत महासभा ने ज्ञापन सौंपा

सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने से लोगों की मौतें हो रही है। इस तरह की दर्दनाक व दुःखद घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर बिजली गिरने से हो रही मौतों पर रोकथाम की मांग की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के संबंध में महासभा के अध्यक्ष अजय सिंह परिहार (अज्जू) ने बताया कि लोग बारिश के समय इससे बचने के लिए उपयुक्त स्थान ढूंढते हैं और वहां दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के समस्त ग्राम पंचायतों, पेट्रोल पंप व अन्य वे जगहें जहां लोगों का आना-जाना बना रहता है, ऐसी सभी जगहों पर तड़ित चालक लगवाई जाए ताकि लोगों का ऐसे आपदा के क्षण में जान- माल का नुक़सान न होने पाएं। महासभा द्वारा वर्तमान में हो रही इस तरह की बेमौत वाली घटनाओं को देखते हुए इस उपाय को आवश्यक रुप में उपयोग किए जाने की मांग की गई है।

# दर्द बताकर लौटे नक्सल पीड़ितों का सीएम हाउस में स्वागतः डिप्टी सीएम शर्मा बोले- माओवादी हिंसा का दर्द पूरे देश ने जाना

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह ग्राम बगिया में गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में माओवादी हिंसा से पीड़ित बस्तर के लगभग 55 नागरिकों को आमंत्रित किया गया। जो हाल ही में अपनी व्यथा और समस्याओं को व्यक्त करने दिल्ली गए थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मौसम खराब होने के कारण उड़ान बाधित होने से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। सीएम श्री साय की अनुपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने माओवादी हिंसा पीड़ित बस्तरवासियों का स्वागत किया।



सीएम की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने नक्सल पीड़ितों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश देते हुए कहा कि, आप सभी बस्तर के नागरिकों का साहस प्रशंसनीय है। आपके साहस, कठिन परिश्रम और प्रयासों के कारण ही बस्तर में शांति लौटी है। आपने माओवादी आतंक को अपनी आंखों से देखा, जिया और झेला है। आपने बड़े साहस के साथ इस त्रासदी का सामना किया है। उन्होंने आगे कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दौरे पर हैं आपके बीच नहीं आ पाए। आपका मुख्यमंत्री निवास में स्वागत और अभिनंदन है। उन्होंने सभी अतिथियों को उपहार स्वरूप एक बैग, ट्रैक सूट भेंट किया। इस दौरान उन्होंने यह भी पूछा कि, दिल्ली यात्रा के अनुभव कैसे रहे, जिस पर सभी ने एक स्वर में कहा कि, यह यात्रा बहुत अच्छी रही, और कई ग्रामीणों ने पहली बार हवाई जहाज में यात्रा का अनुभव भी साझा किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के प्रयास से बस्तर में विकास कार्यों को गति मिली है। आपने दिल्ली जाकर बस्तर की व्यथा को केंद्र सरकार और पूरे देश के सामने रखा, जो आज तक किसी ने नहीं किया था। माओवादी हिंसा का दर्द अब पूरे देश ने जाना है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि बस्तर से नक्सलवाद का समूल नाश करना है। श्री शर्मा ने यह भी कहा, आपने नक्सलियों की गोलियों और आईईडी के खतरे के बीच अपने साहस का परिचय दिया। बंदूक और हिंसा से विकास संभव नहीं है। अब समय आ गया है कि बस्तर शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़े।

# गर्भवती महिला की करेंट लगने से मौत



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम बेंदरकटा निवासी एक गर्भवती महिला की करेंट लगने से मौत हो गई है, मिली जानकारी के अनुसार रोहणी साहू पति लेखराम साहू उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम बेंदरकटा प्रातः लगभग साढ़े नौ बजे अन्य कार्यों से निवृत्त होकर अपने एक कमरे घर को गोबर से लीपने के कार्य में लगी थी और लीपते हुए लोहे के स्टेण्ड में लगे कूलर के समीप पहुंची जहाँ उसे जबरदस्त करेंट लगा।

रोहणी की स्थिति को भांपते हुए उसके पति लेखराम ने कूलर का बटन बंद कर उसके प्लग को अलग किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। करेंट की चपेट में आने से रोहणी अचेत हो चुकी थी और इसी अवस्था में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव पहुंचाया गया, जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। उनके परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रोहणी चार माह की गर्भवती थी और इस दंपति को दो वर्ष की एक पुत्री है।

यह परिवार रोजी मजदूरी कर अपना जीवनयापन कर रहा था, अब महिला की मौत से यह परिवार पूरी तरह बिखर गया है, मौत की खबर से उनके रिस्तेदार व परिजन अस्पताल में जुटने लगे, वहीं डोंगरगांव पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में लग गई है और पोष्टमार्टम पश्चात महिला का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 28 सितम्बर को ग्राम बरगा में

## मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री, डॉ. रमन होंगे शामिल

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में 28 सितम्बर को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक







डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, सभापति जिला पंचायत अशोक देवांगन, समाज सेवी रमेश पटेल, सरपंच बरगा कुमार सोनवानी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास तथा विभिन्न हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया जाएगा।

# महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। उप मुख्यमंत्री, गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं प्रभारी मंत्री जिला राजनांदगांव विजय शर्मा के अनुमोदनानुसार कलेक्टर संजय अग्रवाल ने राजनांदगांव विकासखंड के महाविद्यालयों में आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से जन भागीदारी समिति अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अंतर्गत शा. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अतुल रायजादा, शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय में सुश्री मणीभास्कर गुप्ता एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रवि सिन्हा को जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# कार्यपालन अभियंता दीवान को हटाने के लिए सिंधी समाज ने ज्ञापन सौपा

राजनंदगांव (दावा)। सर्व सिंधी समाज द्वारा पीडब्ल्यूडी मे नवपदस्थ कार्यपालन अभियंता पदमन दीवान के खिलाफ मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नाम जिलाधीश संजय अग्रवाल जी को ज्ञापन सौपा गया।

समाज के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी एवं ब्रह्मानंद बजाज ने बताया कि हिट एंड रन मामले में 23 मई 2022 को तात्कालिक एसडीओ पदमन सिंग दीवान द्वारा लापरवाही एवं नशे में धुत होकर अपनी बोलेरो वाहन से समाज के श्री अनिल चौथवानी के सुपुत्र होनहार इंजीनियर यश चौथवानी को जबरदस्त ठोकर मारी,जो उनकी मृत्यु का कारण बनी । घटनास्थल पर पूरे 30 मिनट तक यश की मौत का तमाशा देखने वाले उक्त दीवान के खिलाफ नगर के आक्रोशित लोगों ने कैंडल मार्च एवं अन्य कई प्रकार से विरोध दर्ज कराया था। ऐसे गंभीर मामले के



हिट एंड रन मामले में आरोपी है दीवान

दोषी व्यक्ति जिसके खिलाफ केस नंबर 84/2022 धारा 304 आईपीसी के तहत श्रीमान अपर सत्र न्यायाधीश जी (फास्ट ट्रैक) में मामला विचाराधीन है, ऐसे गंभीर आरोपी को पदोन्नति करते हुए कार्यपालन अभियंता बनाए जाने पर समाज एवं नगर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

ज्ञापन के माध्यम से सिंधी समाज के वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, विजय गंगवानी, रूपचंद भीमनानी, अमर लालवानी, रवि बोधानी, अनिल चौथवानी एवं राजा माखीजा ने मांग की है कि उक्त कार्यपालन अभियंता को तत्काल ही यहां से हटाया जाए और उक्त प्रकरण के निराकरण तक किसी भी सक्रिय पद पर न रखा जाए। अन्यथा समाज एवं नगर की जनता उग्र आंदोलन को बाध्य होगा।

# अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2024-25 भिलाई में आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा प्रथम अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2024-25 का आयोजन प्रथम वाहिनी, छसबल, सेक्टर-6, भिलाई में किया जा रहा है। इसके उद्घाटन समारोह पर मुख्य अतिथि गृहमंत्री विजय शर्मा रहें और कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय बघेल (सांसद दुर्ग लोकसभा) द्वारा दिनांक 23 सितंबर को किया गया। जिसमें संपूर्ण भारत से एक हजार से अधिक पुलिस विभाग के प्रतिभागी शामिल हुये हैं। इस समारोह पर आई.बी.ग्रुप, अजीज मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव अंजुम अल्वी एवं डॉ. निखिल राव सेलार, मानव संसाधन विभाग से उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ की 26 ट्रेनें डेवलपमेंट के नाम पर फिर कैंसिल: यात्री होंगे परेशान

## 30 सितंबर से 12 अक्टूबर तक बंद रहेगा बिलासपुर-कटनी रूट

रायपुर (दावा)। रेलवे ने डेवलपमेंट के नाम पर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 26 ट्रेनों को फिर कैंसिल कर दिया है। इनमें ज्यादातर ट्रेनें बिलासपुर-कटनी रूट की हैं, जो कि 30 सितंबर से 12 अक्टूबर तक रद्द रहेंगी। नवरात्रि पर ट्रेनों के निरस्त होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।

रेल प्रशासन का कहना है, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए बिलासपुर से कटनी के बीच तीसरी लाइन का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बिलासपुर-कटनी सेक्शन के बीरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए यार्ड रिमोडलिंग का काम किया जाएगा।

### नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा

रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेल परिचालन को और भी सुचारू और नई गाड़ियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे आधारभूत संरचना में विकास के साथ नई यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ यात्री ट्रेनों की समय बद्धता में भी बढ़ोतरी होगी।

### रद्द होने वाली गाड़ियां

30 सितंबर से 11 अक्टूबर तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 1 से 12 अक्टूबर तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 30 सितंबर से 10 अक्टूबर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 2 से 12 अक्टूबर 2024 तक भोपाल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

2 से 11 अक्टूबर तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 3 से 12 अक्टूबर तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 1 से 9 अक्टूबर तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 2 से 10 अक्टूबर तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 4, 7, 9 और 11 अक्टूबर को रीवा से चलने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 5, 8, 10 और 12 अक्टूबर को चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 3,7 और 10 अक्टूबर को लखनऊ से चलने वाली 12535 लखनऊ-रायपर गरीब रथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 3, 7 और 10 अक्टूबर को लखनऊ से चलने वाली 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 4, 8 और 11 अक्टूबर को रायपुर से चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ गरीब रथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 4, 8 और 11 अक्टूबर को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 5, 9 और 12 अक्टूबर को निज़ामुद्दीन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां

2 से 10 अक्टूबर तक बरौनी से चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बरौनी-कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालघाट-गोंदिया होकर चलेगी। 2 से 10 अक्टूबर तक गोंदिया से चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-बालघाट-नैनपुर-जबलपुर-कटनी-बरौनी होकर चलेगी।

6 और 8 अक्टूबर को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग- कानपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 7 और 9 अक्टूबर को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 7 अक्टूबर को अजमेर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 3 और 10 अक्टूबर को दुर्ग से चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 5 और 12 अक्टूबर को नौतनवा से चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 3 से 11 अक्टूबर तक चिरमिरी से चलने वाली 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 3 से 11 अक्टूबर तक चंदिया रोड से चलने वाली 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी- पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

3 से 11 अक्टूबर तक चंदिया रोड से चलने वाली 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी- पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 5, 8, 10 और 12 अक्टूबर को चिरमिरी से चलने वाली 05755 चिरमिरी-अनुपपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 5, 8, 10 और 12 अक्टूबर को अनूपपुर से चलने वाली 05756 अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 2 से 11 अक्टूबर तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। 3 से 12 अक्टूबर तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

आवश्यकता है
टैली साफ्टवेयर में बिल बनाने के लिए अकाउंटेंट व काउंटर मैनेजमेंट के लिए युवक व युवतियों की आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
स्वस्तिक स्पोर्ट्स एंड म्यूजिकल्स
भगत सिंह चौक, जी.ई. रोड,
(राज.) मो. नं.- 7440777791

आवश्यकता है
रात्रिकालिन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com